■ भाद्रपद कृष्णा - 12 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 50 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 11-09-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 इंडिया का नाम बदलकर किया जाएगा भारत : दिलीप घोष
6 क्या चंद्रबाबू नायडू की गिरतारी से एनडीए की परेशानी बढ़ जाएगी ?
7 दोनों देश एक-दूसरे के अहम साझेदार : बाइडन

## फर्स्ट टेक

### बलूचिस्तान में छह फुटबॉल खिलाड़ियों का अपहरण

**क्वेटा/वार्ता।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के डेरा बुगती जिले में छह फुटबॉल खिलाड़ियों के अपहरण कर लिये जाने का मामला सामने आया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक डेरा बुगती के डिप्टी कमिश्नर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि डेरा बुगती और सुई निवासी ये खिलाड़ी ऑल पाकिस्तान चीफ मिनिस्टर गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को सिबी जा रहे थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने डेरा बुगती की कच्ची नहर के जानी बैर इलाके में खिलाड़ी के वाहनों को रोक लिया और बंदूक की नोक पर फुटबॉलरों को अपने साथ ले गए। इन खिलाड़ियों में आमिर बुगती, फैसल बुगती, सोहेल बुगती, यासर बुगती और शेराज़ बुगती शामिल हैं।

### जापान से हार के बाद जर्मनी ने फुटबॉल टीम के कोच को हटाया

**वोल्फसबर्ग (जर्मनी)/एपी।** जर्मनी ने जापान से 1-4 की हार के एक दिन बाद रविवार को हंसी फ्लिक को पुरुषों की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच पद से हटा दिया। जर्मनी अगले साल यूरोपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा और यह कदम टीम के लिए निराशाजनक हो सकता है। जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) ने कहा कि टीम निदेशक रूडी वोलेर मंगलवार को डॉर्टमुंड में फ्रांस के खिलाफ होने वाले अगले मैच में संयुक्त रूप से कार्यभार संभालने वाले तीन कोचों में से एक होंगे।

### मोरक्को में भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत

**मराकेश/एपी।** मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई है और कम से कम 2,059 लोग घायल हुए हैं। देश के गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात बताया कि शुक्रवार देर रात आए भूकंप में 2,012 लोगों की मौत हो गई है और मृतक संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्ता सबसे अधिक प्रभावित दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक, सबसे अधिक 1,293 लोगों की मौत अल हौज प्रांत में हुई है। उसने बताया कि कम से कम 2,059 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 1,404 की हालत गंभीर है। भूकंप के बाद मोरक्को सरकार ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोरक्को में शुक्रवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो देश में पिछले 120 साल में आया सबसे भीषण भूकंप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई देशों के नेताओं ने मोरक्को को मदद की पेशकश की है।

| | |
|---|---|
| 11-09-2023 सूर्यास्त 6:13 बजे | 12-09-2023 सूर्योदय 5:57 बजे |
| BSE 66,598.91 (+333.34) | NSE 19,819.95 (+92.90) |
| सोना 6,161 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**चुनावी प्रपंच**

हर चुनाव में हर दल को,
रहती बस मुद्दों की तलाश।
कर जाति धर्म गठजोड़ तोड़,
करते रहते इसके प्रयास।
इक दूजे को नीचा करने,
पुश्तों तक की करते तपास।
जिसको इक कहता है विनाश,
दूजा उसको कहता विकास।।

# विकासशील देशों को एजेन्डे के केन्द्र में लाने में सफल रहा भारत

## आज जी 20 एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के सपने को लेकर आशावादी प्रयासों का प्लेटफार्म बन गया है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** जी-20 समूह में अभूतपूर्व एकजुटता का भाव उत्पन्न करने और विकासशील तथा पिछड़े देशों की चिंताओं को इसके एजेन्डा के केन्द्र में लाने में भारत की अध्यक्षीय भूमिका की विश्व नेताओं द्वारा खुलकर सराहना किये जाने के साथ इस सशक्त वैश्विक मंच का 18 वां शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के तीसरे एवं अंतिम पूर्ण सत्र को संबोधित करने के बाद समूह के अगले अध्यक्ष ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इंसियो लूला दा सिल्वा को जी-20 की अध्यक्षता का 'बैटन' सौंपा और शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा की। नई दिल्ली घोषणा पत्र को नेताओं ने सम्मेलन के पहले दिन शनिवार को ही मंजूरी दे दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि यह पहली बार है जब इतने व्यापक विषयों को घोषणा पत्र में शामिल किया गया और सभी पर पूरी तरह से आम सहमति रही है।




### ब्राजील को सौंपी जी20 की अध्यक्षता

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा को सौंपी और भारत की अध्यक्षता के दौरान लिए गए फैसलों पर हुई प्रगति की समीक्षा के लिए नवंबर में एक डिजिटल सत्र के आयोजन का प्रस्ताव दिया। ब्राजील आधिकारिक रूप से इस साल एक दिसंबर को जी20 समूह के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील को पूरा समर्थन दिया और विश्वास जताया कि उसकी अध्यक्षता जी20 समूह के साझा लक्ष्यों को आगे लेकर जाएगी। मोदी ने कहा, ''भारत ने ब्राजील को गैवल (हथौड़ा) सौंप दिया है। हमारा अटूट विश्वास है कि वे समर्पण, दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करेंगे और समृद्धि के साथ ही वैश्विक एकता को भी आगे बढ़ाएंगे।''

इस शिखर सम्मेलन में पहली बार संयुक्त घोषणा पत्र में शामिल सभी मुद्दों पर पूर्ण सहमति रही। इस दौरान भारत, अमेरिका और अन्य देशों की पहल पर वैश्विक जैविक ईंधन गठबंधन का गठन और भारत, पश्चिम एशिया तथा यूरोप के मुख्य बंदरगाहों को रेलवे नेटवर्क, आधुनिक संचार सुविधाओं और समुद्री केबल के जरिये जोड़कर वृहद आर्थिक गलियारा बनाने के सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किये गये। भारत की अध्यक्षता में इस सम्मेलन में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देशों वाले अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थायी सदस्य बनाने का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया गया।

### जी20 नेताओं ने प्रतीकात्मक पौधरोपण किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रविवार को जी20 के नेताओं ने भारत मंडपम में प्रतीकात्मक पौधरोपण किया। दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन के उपलक्ष्य में यह पौधरोपण किया गया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और उनके ब्राजीलियाई समकक्ष लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा ने शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र 'एक भविष्य' की शुरुआत में अपने देशों के मूल वृक्षों के 'कलम' प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किए। विदेश मंत्रालय ने बताया, ''जी20 शिष्टमंडलों के प्रमुखों ने भारत मंडपम में एक प्रतीकात्मक पौधरोपण समारोह में भाग लिया।

# भारत विरोधी गतिविधियों पर ट्रूडो से मोदी ने जतायी गहरी चिंता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को उनके देश में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में रविवार को यहां भारत की गहरी चिंताओं से अवगत कराया और उनसे निपटने में उनका सहयोग मांगा।

प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि इन हरकतों से जुड़ी ताकतें गैरकानूनी कामों में सक्रिय हैं और वे कनाडा के हितों के लिए भी खतरा हो बन सकती हैं। जी20 शिखर सम्मेलन के सिलसिले में भारत आए ट्रूडो ने मोदी से आज यहां द्विपक्षीय वार्ता की।



विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी ने उनसे कहा कि ऐसे खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों का आपस में सहयोग करना जरूरी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत-कनाडा संबंधों की प्रगति के लिए आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध आवश्यक है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी ने कनाडा में चरमपंथी तत्वों की ओर से चलायी जा रही भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में हमारी गंभीर चिंताओं से ट्रूडो को अवगत कराया। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री से बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और दोनों देशों की जनता के मजबूत संबंधों पर आधारित हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने किया सुधार का आह्वान

**नई दिल्ली/वार्ता।** विश्व में बहुपक्षवाद को मजबूत करने और संयुक्त राष्ट्र सहित सभी बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के आह्वान के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन आज संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 के तीसरे एवं अंतिम सत्र को संबोधित किया।मोदी ने कहा, कल हमने एक पृथ्वी और एक परिवार सत्रों में व्यापक चर्चा की। मुझे संतोष है कि आज जी-20, एक पृथ्वी, एक परिवार और एक साझा भविष्य के विज़न को लेकर, आशावादी प्रयासों का प्लेटफ़ॉर्म बना है। यहां हम ऐसे भविष्य की बात कर रहे हैं, जिसमें हम ग्लोबल विलेज से आगे बढ़कर वैश्विक परिवार को हकीकत बनता देखें। एक ऐसा भविष्य, जिसमें देशों के केवल हित ही नहीं जुड़े हों, बल्कि हृदय भी जुड़े हों। जब हम हर देश की सुरक्षा, हर देश की संवेदना का ध्यान रखेंगे, तभी एक भविष्य का भाव सशक्त होगा। विश्व को एक बेहतर भविष्य की तरफ ले जाने के लिए ये जरूरी है कि वैश्विक व्यवस्थाएं वर्तमान की वास्तविकताओं के मुताबिक हों। आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भी इसका एक उदाहरण है।

## अक्टूबर में डिजिटल रुपये की शुरुआत कर सकता है आरबीआई

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर तक अंतरबैंक उधारी या कॉल मनी मार्केट में लेनदेन के लिए प्रायोगिक रूप से डिजिटल रुपये की शुरुआत कर सकता है। केंद्रीय बैंक के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी ने रविवार को यह बात कही। चौधरी ने यहां जी20 के मौके पर कहा, ''रिजर्व बैंक इस महीने या अगले महीने कॉल बाजार में थोक सीबीडीसी की पेशकश करेगा।''

# चंद्रबाबू नायडू को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विजयवाड़ा/वार्ता।** आंध्र प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने रविवार को कौशल विकास घोटाला मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

एसीबी कोर्ट के न्यायाधीश बीएसवी हिमाबिंदु ने श्री नायडू के अधिवक्ताओं और आंध्र प्रदेश अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के सहायक महाधिवक्ता की दलीलें सुनीं। सुबह से शाम छह बजे तक बहस चलती रही।

पूर्व मुख्यमंत्री को बाद में



न्यायाधीश ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस तेदेपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को राजमुंदरी सेंट्रल जेल ले जा सकती है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने पूरे राज्य में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

गौरतलब है कि यह पहली बार है जब नायडू अपने 45 साल के राजनीतिक करियर में भ्रष्टाचार के मामले का सामना कर रहे हैं।

इससे पूर्व शनिवार को आंध्र प्रदेश सीआईडी के अतिरिक्त महानिदेशक एन संजय ने कहा है कि श्री करोड़ों रुपये के कौशल विकास घोटाले में आरोपी नंबर एक हैं।

संजय ने कहा कि राज्य भर में 3000 करोड़ रुपये की लागत से छह उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए सीमेंस कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये थे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 58 करोड़ रुपये की लागत से सॉफ्टवेयर खरीदा गया। उन्होंने कहा, हालाँकि आवश्यक सॉफ्टवेयर 58 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया था, बाद में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की गई जिसमें भारी धनराशि की हेराफेरी की गई।

## शरद पवार ने बागी विधायकों को राकांपा में वापस न लेने का संकेत दिया

**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने रविवार को संकेत दिया कि उनकी इच्छा राकांपा के बागी नेताओं को वापस लेने की नहीं है और कहा कि पार्टी को नए चेहरों का समर्थन करना चाहिए। वह मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। जुलाई में राकांपा को तब बड़ा झटका लगा था जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बगावत कर दी थी और आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भाजपा की गठबंधन सरकार में शामिल हो गए थे। शरद पवार ने कहा, कुछ लोग मुझसे पूछते हैं कि अगर जो लोग सरकार में शामिल हो गए हैं वे वापस आने का प्रयास करें तो क्या करना चाहिए। हम इस बारे में कोई फैसला नहीं लेने जा रहे हैं। पार्टी के भीतर एक राय है कि जो नए हैं, उन्हें चुनाव से पहले समर्थन दिया जाना चाहिए।





# भारत सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करता है : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लुधियाना/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि दुनिया के कई देश भारत की ओर देख रहे हैं क्योंकि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है।

भागवत ने रविवार को यहां से लगभग 30 किलोमीटर दूर भैणी साहिब स्थित नामधारी अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय में सतगुरु प्रताप सिंह और माता भूपिंदर कौर की स्मृति में नामधारी मिशन द्वारा आयोजित एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। भागवत ने कहा, ''भारत का काम दुनिया में संतुलन बनाना है और वह अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। भारत कोई स्वार्थी देश नहीं है। वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है।''

संघ प्रमुख ने कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतें न केवल देश को बल्कि दुनिया को भी नुकसान पहुंचा रही हैं और उनसे मिलकर लड़ना चाहिए। भागवत ने कहा कि भारत को अपनी परंपराओं, संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते हुए पूरी दुनिया को नई राह दिखानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, ''धर्म का अर्थ जोड़ना है, यह तोड़ने की बात नहीं करता।''

इस अवसर पर नामधारी समुदाय के सतगुरु उदय सिंह उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले आरएसएस प्रमुख कड़ी सुरक्षा के बीच भैणी साहिब पहुंचे और उन्होंने सतगुरु उदय सिंह के साथ बंद कमरे में बैठक भी की।

# रोहित-गिल के बाद बरसे बादल, आज होगा आगे का खेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलंबो/वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप सुपर फोर चरण का मुकाबला रविवार को बारिश के कारण मात्र 24.1 ओवर ही जारी रह सका। अब आगे का खेल रिजर्व डे यानी सोमवार को खेला जायेगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को सही ठहराते हुये यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में वर्षा के कारण मात्र 24.1 ओवर ही फेंके जा सके। इसके बाद कुछ कुछ समय के अंतराल पर मैदानी अंपायरों ने मैदान का निरीक्षण किया। शाम करीब साढ़े सात बजे बारिश थमने से मुकाबले के एक बार फिर से शुरू होने की उम्मीद जगी। ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत कर मैदान को सुखाया मगर 8:30 बजे रिमझिम बरसात फिर शुरू हो गयी और आखिरकार शाम 8:50 बजे अंपायरों ने आगे के मैच को रिजर्व डे में कराने की घोषणा कर



दी। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन बनाये थे। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे केएल राहुल 17 और विराट कोहली 8 रन पर खेल रहे थे। भारत की शुरूआत शानदार रही।

कप्तान रोहित शर्मा ने शाहीन अफरीदी पर छक्का और अगले ओवर में नसीम शाह पर चौका लगाकर शुरुआत की। शुभमन गिल ने भी समय बर्बाद नहीं किया. उन्होंने पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों का सामना किया और 37 गेंदों में 10 चौकों की मदद से अपना आठवां वनडे अर्धशतक पूरा किया।

# मुख्यमंत्री हिमंत ने राहुल समेत परिजनों के 'गांधी' उपनाम लगाने पर सवाल उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा 'गांधी' उपनाम का उपयोग करने की वैधता पर सवाल उठाया और उन्हें 'सरदार ऑफ डुप्लिकेट्स' करार दिया।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन के नाम के रूप में 'इंडिया' शब्द का उपयोग करने के लिए भी कांग्रेस की आलोचना की और दावा किया कि सबसे पुरानी पार्टी अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार 'इंडिया' और भारत का उपयोग करती है।

शर्मा ने भाजपा महिला मोर्चा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अंतिम दिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मैंने उनसे (गांधी परिवार से) कहा है कि आप 'सरदार ऑफ डुप्लिकेट्स' हैं। (महात्मा) गांधी जी ने हमें आजादी दिलाई और उन्होंने उपनाम छीन लिया। ये सभी नकली (डुप्लीकेट) गांधी हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने लंबे समय तक शोध किया कि इंदिरा, राहुल, राजीव और प्रियंका किस 'फॉर्मूले' से गांधी बने, लेकिन मुझे इस बारे में कुछ नहीं मिला।''




उन्होंने कहा कि अगर कोई डाकू गांधी उपनाम का इस्तेमाल करता है तो इससे वह साधु नहीं हो जाएगा।

वर्ष 2015 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले शर्मा ने कहा, ''राहुल गांधी जी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि कृपया अपना नकली उपनाम हटा दें, क्योंकि यह असली नहीं है।''

शर्मा ने कांग्रेस पर सत्ता में रहने के दौरान देश के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया और दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही लोगों में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा हो रही है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, ''आप (कांग्रेस) ने 'इंडिया' का नाम लेकर बहुत बड़ा पाप किया है क्योंकि आपने भारत का गौरव बढ़ाने के लिए कभी कुछ नहीं किया। आपने केवल अपने परिवार का दबदबा बढ़ाने के लिए काम किया। आपको खुद को 'इंडिया' या भारत कहने का अधिकार नहीं है।''



## जी20 शिखर सम्मेलन : वैश्विक नेताओं ने रात्रिभोज के दौरान उठाया भारतीय संगीत का आनंद

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए वैश्विक नेताओं के सम्मान में शनिवार को एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया, जिसमें मेहमानों ने भारतीय व्यंजनों के साथ संगीत का भी लुत्फ उठाया। संगीतकारों के एक समूह ने सुरसिंगार, मोहन वीणा, दिलरुबा और अन्य दुर्लभ भारतीय वाद्ययंत्र बजाए जिससे जी20 समूह के नेता मंत्रमुग्ध हो गए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को शिखर सम्मेलन स्थल 'भारत मंडपम' में जी20 मेहमानों के लिए इस भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और कई अन्य देशों के नेता जी20 शिखर सम्मेलन के लिए यहां एकत्र हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रात्रिभोज शुरू होने से पहले एक मंच पर अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी पृष्ठभूमि में बिहार के नालंदा महाविहार (नालंदा विश्वविद्यालय) की तस्वीर लगी हुई थी, साथ ही भारत की अध्यक्षता में जी20 का विषय– 'वसुधैव कुटुम्बकम्– एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य' को दर्शाया गया था। नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। यह विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' राष्ट्रपति द्वारा आयोजित भव्य रात्रिभोज में, भारत ने दुनिया के सामने अपनी विविध संगीत विरासत का प्रदर्शन किया। शास्त्रीय और समसामयिक संगीत की अलग–अलग शैलियां पेश करने वाले उत्कृष्ट वादकों और संगीतकारों के समूह ने यहां जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक नेताओं के लिए प्रस्तुति दी। '' इसका मुख्य आकर्षण 'गंधर्व अटोद्यम' समूह का प्रदर्शन था, जिसने 'भारत वाद्य दर्शनम' – भारत की संगीतमय यात्रा का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक यह संगीत कार्यक्रम एक अनोखा मिश्रण था, जिसमें कलाकारों ने सुरसिंगार, मोहन वीणा, जल तरंग, जोडिया पावा, धांगली और दिलरुबा सहित देश भर के दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्रों को बजाया और उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। इसमें हिंदुस्तानी, कर्नाटक, लोक और समकालीन संगीत का प्रदर्शन किया गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मैक्रों, ट्रूडो समेत विश्व के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो समेत विश्व के कई नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

जी20 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी से मुलाकात की। मोदी ने शोल्ज से मुलाकात के बाद कहा कि वह जी20 शिखर सम्मेलन में अपने विचार रखने के लिए जर्मन नेता को धन्यवाद देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''इस बात पर भी चर्चा हुई कि कैसे भारत और जर्मनी स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार और एक बेहतर ग्रह की दिशा में एक साथ मिलकर काम करना जारी रख सकते हैं।''

जर्मन चांसलर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हम जलवायु परिवर्तन से निपटने में महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे और जी20 देशों ने रूसी नीति के कठोर सिद्धांतों के खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाया है।'' मैक्रों के साथ अपनी मुलाकात पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ दोपहर के भोजन के समय बहुत ही सार्थक बैठक हुई। हमने कई विषयों पर चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं कि भारत–फ्रांस संबंध प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं।'' जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच बेहद प्रगाढ़ संबंध और रणनीतिक भागीदारी है। असौमानी के साथ अपनी मुलाकात पर मोदी ने कहा कि यह बहुत सार्थक चर्चा रही। असौमानी कोमोरोस के राष्ट्रपति हैं और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने ट्रूडो के साथ अपनी बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में भारत–कनाडा संबंधों पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई नेता येओल के साथ अपनी मुलाकात पर मोदी ने कहा कि विचार–विमर्श व्यापक रहा। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''हम भारत और कोरिया गणराज्य के बीच वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को और बढ़ावा देने पर सहमत हुए।'' प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्होंने और राष्ट्रपति एर्दोआन ने भारत और तुर्किये के बीच व्यापार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के तरीकों पर बात की। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के साथ अपनी वार्ता पर मोदी ने कहा कि यह एक 'उत्कृष्ट बैठक' थी। मोदी ने कहा, ''भारत और ब्राजील के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं। हमने कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में व्यापार तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर बात की।



## कोणार्क से नालंदा: जी20 शिखर सम्मेलन में प्रमुखता से दिखी भारत की स्थापत्य विरासत

**नई दिल्ली/भाषा।** ओडिशा के 13वीं सदी के कोणार्क मंदिर से लेकर बिहार के प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय तक यहां जी20 शिखर सम्मेलन स्थल में भारत की समृद्ध स्थापत्य विरासत को प्रमुखता से पेश किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार रात 'भारत मंडपम' स्थल पर विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और अन्य विश्व नेताओं और उनके जीवनसाथियों के लिए एक औपचारिक रात्रिभोज में मेहमानों का स्वागत किया जहां यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल–प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की प्रतिकृति प्रमुखता से नजर आई। नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे प्राचीन विश्वविद्यालयों में से एक है। मेहमानों का अभिवादन करते समय प्रधानमंत्री मोदी को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित जी20 के कुछ नेताओं को विश्वविद्यालय के महत्व के बारे में बताते हुए भी देखा गया।



अधिकारियों ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय विविधता, योग्यता, विचार की स्वतंत्रता, सामूहिक शासन, स्वायत्तता और ज्ञान साझाकरण का प्रतिनिधित्व करता है – ये सभी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा भारत की उन्नत शैक्षिक खोज की स्थायी भावना और भारत के जी20 प्रेसीडेंसी थीम वसुधैव कुटुंबकम के अनुरूप एक सामंजस्यपूर्ण विश्व समुदाय के निर्माण की प्रतिबद्धता का जीता जागता प्रमाण है। शाम के स्वागत समारोह की पृष्ठभूमि में नालंदा था, तो सुबह में भारत का कोणार्क चक्र फोकस में रहा। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले जी20 नेताओं का अभिवादन किया तो पृष्ठभूमि में ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर की एक सुंदर छवि दिखी।

## जी20 घोषणापत्र पर आम सहमति मील का पत्थर : राजनाथ



**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की जी20 समूह की अध्यक्षता ने विश्व मंच पर 'अमिट छाप' छोड़ी है और इस दौरान नई दिल्ली घोषणापत्र (नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन) पर आम सहमति बनना दुनिया में विश्वास की कमी को पाटने की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 'विश्व गुरु' और 'विश्व बंधु' दोनों रूपों में 'भारत के कौशल को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। रक्षा मंत्री सिंह ने 'एक्स' पर लिखा, '' नई दिल्ली में ऐतिहासिक जी20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक ने विश्व मंच पर अमिट छाप छोड़ी है।''



## 'शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया कि जी20 सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है'

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि इस साल के जी20 शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि यह समूह अपने सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए बाइडन, महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वियतनाम रवाना हो गए। बाइडन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पोस्ट में कहा, ''जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, नाजुक स्थिति और संघर्ष से जूझ रही है, ऐसे समय में इस साल के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया कि जी20 अब भी हमारे सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकाल सकता है।''

## यह कई मायनों में महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन है : मंत्री लावरोव



**नई दिल्ली/भाषा।** रूस ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन कई मायनों में महत्वपूर्ण सम्मेलन है, क्योंकि इसके नतीजों ने दुनिया को कई चुनौतियों पर आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया और 'ग्लोबल साउथ' की ताकत व महत्व का प्रदर्शन किया। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत ने यूक्रेन सहित कई मुद्दों पर पश्चिमी देशों को अपना दृष्टिकोण आगे बढ़ाने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि दुनिया में सैन्य संघर्षों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार हल किया जाना चाहिए।



## मानव जन्म दुर्लभ और जैन कुल में जन्म अतिदुर्लभ : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि एक सेकंड में 100 अरब जीव निगोद से बाहर आते है। उसमें से 99 अरब जीव तिर्यंच गति में जाते है। बचे हुए 1 अरब में से 99 करोड़ जीव देवगति में जाते है और जो 1 करोड़ बचे हैं,उनमें से 99 लाख जीव नरकगति में जाते है। बचे हुए 1 लाख में से 99 हजार जीव संमुच्छींम मनुष्य में उत्पन्न होते हैं। बचे हुए 1 हजार में से 900 जीव अनार्य देश में जन्म लेते है। अब जो 100 जीव बचते हैं उनमें 99 जीव अजैन कुल में जन्म लेते है और बचा हुआ 1 जीव यानी हमारा खुद का,जिस को 100 अरब में से जैन कुल में आर्य क्षेत्र में जन्म मिला। सोचो दुर्लभ मनुष्य भव में 100 अरब में हम अनंतानंत पुण्य इकट्ठा होने पर जैन कुल पा सकें हैं। इस अत्यंत दुर्लभ जैन कुल पाकर भी हम लोग इसे व्यर्थ गँवाते जा रहे हैं समय पर कोई भी कार्य नहीं करते हैं,इसलिए समय निकलने के बाद प्रायश्चित करने का समय भी नहीं मिल पाता है इस जैन कुल को पाने के लिये इस जीव ने कितने ही जतन किये होंगें, तब जाकर मनुष्य पर्याय में निर्ग्रन्थ जैन कुल पाया है, ये महान जैन कुल पाकर भी ये जीव केवल इस जन्म को व्यर्थ गँवाता जा रहा है।अधिक से अधिक धर्माराधना करके, आत्मकल्याण करके मनुष्य भव एवं जैन कुल को सार्थक करें।

साध्वी शीतलगुणाश्री जी ने कहा कि तप ज्योति है, तप मोती है तप जीवन की पोथी है, तप सिद्धि का सोपान है। मेघराज भंसाली ने बताया कि 12 सितंबर से पर्व पर्युषण प्रारंभ होगा। सुबह प्रवचन दोपहर में पूजा और रात्रि में भक्ति होगी।



## प्रेम की नींव पर सुखी परिवार का निर्माण होता है : मुनि दीपकुमार

### 'परिवार के साथ कैसे रहें ?' विषयक कार्यशाला आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर तेरापंथ सभा के तत्वावधान में रविवार को विजयनगर स्थित तेरापंथ भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में 'परिवार के साथ कैसे रहें?' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि प्रेम की नींव पर सुखी परिवार का निर्माण होता है। परिवार सत्य एवं सौदर्य का शिवालय है, जहां सास–बहु, भाई–भाई, देवरानी–जेठानी, पति–पत्नी, बच्चे सब हिल–मिलकर साथ रहते हैं। भावनात्मक दूरियों से परिवार बिखरने लगते हैं। वे घर स्वर्ग के समान है जहां सब सौहार्द से एक साथ रहते है। भारत की संस्कृति का निर्माण मंदिरों, मीनारों, कलाकृतियों से नहीं बल्कि संस्कारों से हुआ है। माँ–बाप का सम्मान बरकरार रहना चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार जरूर दे। संस्कार होंगे तो परिवार टूटेंगे नहीं। मुनिश्री ने 'परिवार' शब्द के एक एक अक्षर को व्याखायित किया।मुनिश्री ने 12 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे पर्युषण पर्व पर धर्म आराधना की प्रेरणा देते हुए कहा कि पर्व के दौरान रोज का प्रवचन 9:15 बजे से 10:45 बजे तक अर्हम भवन में रहेगा। अखण्ड जप, अठरंगी तप, प्रतिक्रमण, पौषध, धर्म चर्चा में भाग लेने की प्रेरणा दी।

मुनिश्री काव्यकुमारजी ने कहा कि स्वर्ग तब धरती पर उतरता है जब किसी परिवार में खुशहाली छाई रहती है। जहां पारिवारिक सदस्यों के बीच आत्मीयता, आनन्द, आदर, आभार इन चार 'आ' शब्दों का विकास होता है उस परिवार में खुशहाली रह सकती है। परिवार में संतुलन रखें तो परिवार सुखमय और स्वर्गमय बन सकेगा।

## मंगल से पुण्य की पुष्टि और आत्मा की शुद्धि होती है : पन्यास भक्तिरत्नविजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित पन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचंद्रविजयजी व बालमुनिश्री भक्तिदर्शनजी ने कहा कि सर्व मंगल से कार्यसिद्धि होती है। भारत देश की प्राचीन परंपरा और संस्कृति में किसी कार्य के लिए द्रव्य मंगल और भाव मंगल किया जाता था और आज भी किया जाता है। बड़े–बड़े विद्वान व साधक पुरुषों ने भी कार्य की निर्विघ्न पूर्णाहुति के लिए कार्य के प्रारंभ में मंगल किया था। मंगल करने से कार्य करने में गति आती है, अन्दरुनी शक्ति बढ़ती है और श्रद्धा मजबूत होती है। मंगल का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि मंगल से पुण्य की पुष्टि और आत्मा की शुद्धि होती है। मंगल करने से कार्य सिद्धि की मुहर लग जाती है। मंगल करके, अहं को गलाओगे तो अर्हत तक पहुँचने में अधिक समय नहीं लगेगा। नम्र होकर परमात्मा की ओर एक कदम बढ़ाओगे तो स्वयं परमात्मा तुम्हारी और दो कदम बढ़ायेंगे। अमंगल को नष्ट करने के लिए व क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, काम, राग, अहंकार के नाश के लिए भी प्रभु के सान्निध्य में जाना चाहिए। कार्य सफलता के लिये निःस्वार्थ भाव से किया गया प्रभु का स्मरण कार्य की सफलता तो कराता ही है, साथ ही परमात्मा के सामिप्य में भी ले जाता है।



संतश्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कार्यसिद्धि के लिये पागल बनकर घूमते रहने के बजाय प्रभु के प्रति श्रद्धा रखकर उनकी उपासना करोगे तो तुम्हारे हजारों लाखों रुपये और अमूल्य वक्त भी बच जायेगा। इसलिए यहाँ वहाँ मत मटको बल्कि परमात्मा के चरणों में अटक जाओ। वहाँ से तुम्हें बाह्य लाभों के साथ–साथ आत्मा के वैभविक लाभ भी होंगे। करुणाभाव, क्षमाभाव, नम्रता, पवित्रता, अज्ञानता, अव्यावस सुख जैसे लाभ होंगे। कार्य की सफलता के लिए किया गया मंगल से और प्रभु स्मरण से चमत्कार अपने आप घटित होते हैं और मनुष्य के जीवन में सब आनंद मंगल होता है ।



## 'किसी प्रकार का भी व्यसन जीवन को बर्बाद करता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी व मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी की निश्रा में व्यसन मुक्ति शिविर का आयोजन हुआ। मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने सात व्यसनों के दुष्प्रभावों को बताते हुए कहा कि व्यसन अनेक जीवों के अनेक व्यक्तियों के बर्बादी का कारण बन जाता है। ऐसे सात प्रकार के व्यसन है उसको हमारे जीवन में से निकलना है। व्यसन एक व्यक्ति को नहीं मारता बल्कि उनके पूरे परिवार को मारता है। नशा एक ऐसी वस्तु है जो व्यक्ति की दिशा और दशा को खराब कर देता है। मुनि श्री श्रमणसागरजी ने कहा कि व्यसन और नशा जीवन का ट्रेक बदल देता।

ट्रेन भी पटरी से उतर जाती तो अनेकों की जिंदगी बरबाद होती हैं । वैसे ही हमारा जीवन गलत दिशा में जाता हैं तो जीवन बरबाद हो जाता है। प्रवचन सुनकर अनेक श्रावक एवं श्रविकाओं ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ली।



## निशुल्क नेत्र शिविर में 60 मरीज हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिक्कबालापुर। शहर के महावीर जैन संघ व प्रोजेक्ट दृष्टि के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय एसएस जैन भयन में 217वां निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 60 मरीनों का नेत्र परीक्षण हुआ और 34 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। डॉ नरपत सोलंकी द्वारा जैन मिशन अस्पताल में यह ऑपरेशन किए जाएंगे। यह जानकारी मंत्री उत्तमचन्द कोठारी ने दी।

## 'पर्युषण जीवन शुद्धि का शिविर है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने प्रवचन में कहा कि पर्युषण जैन जगत में प्रतिवर्ष आनेवाला और सम्पन्न होने वाला आध्यात्मिक पर्व है। इस पर्व के दौराह, पूजा–चक्रवाण–प्रतिक्रमण, पौषध–प्रायचित का अनुपालन होता है, साथ ही वर्ष भर में हुई भूल चूक के लिए हृदय से परस्पर एक–दूसरे से क्षमायाचना होती है यह देश त्यौहारो पूर्वो का देश है। यहाँ वर्ष में जितने दिन होते हैं, उससे कहीं ज्यादा पर्व त्यौहार होते हैं। कुछ सौभाग्य संरक्षण के लिए मनाए जाते हैं तो कुछ परंपरा के निर्वहन के लिए या कुछ पर्व हर्ष उल्लास के लिए आनंद प्रमोद के लिए मनाए जाते हैं। होली, राखी, दशहरा, शीतला सप्तमी ये ऐसे ही त्यौहार है।



पर्युषण एक आध्यात्मिक पर्व है। यह एक ऐसा पर्व है, जिस में सभी पर्वो का समावेश है। जैसे सागर में सरिताएं समाती है, वैसे ही पर्युषण में पर्व समाहित हो जाते हैं। हम अगर इस पर्व के महत्व और उद्देश्य को हृदयंगम कर लें, तो पर्यषण पर्व जानकारी के रूप में ही नहीं अपितु आराधना के रूप में भी सार्थक हो जाएगा।

संतश्री ने कहा कि पर्युषण जीवन शुद्धि का शिविर है। हमें इस पर्व में चेतना को उसकी वास्तविक दिशा देनी होती है, जीवन मूल्यों का सम्मान और आचरण करना होता है। यह पर्व शिविर है तो मात्र आठ दिनों का है, किन्तु ये आठ दिन भी वर्ष भरे का शुद्धिकरण कर सकते है। जाने अनजाने में जो कुछ आवांछित हो गया ही, इस पर्व की आराधना करते हुए हमें अन्तरमन से उससे मुक्त होने की कामना करनी चाहिए। जो लोग पर्व आराधना कर रहे हैं वो लोग अपने आपको जीवन शुद्धि–आत्मशुद्धि के लिए पूरी तरह समर्पित करके लें। मूल्य, श्रद्धा, समर्पण और भावना का ही है। पूजा श्रद्धा कराती है और श्रद्धा की अभिव्यक्ति का नाम ही पूजा है।

## पंजाब 11 सितंबर से 3 दिवसीय पर्यटन शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा : मान

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार 11–13 सितंबर को पंजाब पर्यटन शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगी।

भगवंत सिंह मान ने बयान में कहा कि मोहाली में शिखर सम्मेलन में राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने पर विस्तृत विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमृतसर को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, विरासत पर्यटन, पर्यावरण और फार्म या होमस्टे पर्यटन, खाद्य और पाक पर्यटन, कल्याण पर्यटन और मीडिया एवं मनोरंजन पर्यटन जैसे विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्यटन शिखर सम्मेलन दुनिया के सामने पंजाबियों को विरासत में मिली वीरता, उनके बलिदान के अलावा उनकी क्रांति, कड़ी मेहनत और आतिथ्य की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेगा। पंजाब अपने गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

# स्टालिन ने जी20 रात्रिभोज बैठक में बाइडेन से मुलाकात की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने शनिवार को नयी दिल्ली में जी20 प्रतिनिधियों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित रात्रिभोज में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। राज्य सरकार ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि श्री स्टालिन ने श्री बाइडेन से हाथ मिलाया और उनके साथ बातचीत की। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।

## जी20 रात्रिभोज में स्टालिन की उपस्थिति से तमिलनाडु में छिड़ी बहस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारत के राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में आयोजित जी20 रात्रिभोज में भाग लेने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन दक्षिण भारत के एकमात्र मुख्यमंत्री थे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा कीं। इससे एक बहस छिड़ गई है और सोशल मीडिया पर समर्थक और विरोधी टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है।

जबकि द्रमुक ने कहा है कि यह प्रशासनिक कारणों से एक आधिकारिक बैठक थी, कई लोगों ने बैठक में भाग लेने के लिए स्टालिन की आलोचना की है, क्योंकि जमीनी स्तर पर केंद्र में भाजपा शासित सरकार के साथ द्रमुक बड़े टकराव में है।

वामपंथी सामाजिक कार्यकर्ता आर.रघुनाथ ने कहा, 'मुख्यमंत्री का जी20 रात्रिभोज में शामिल होना अनावश्यक था। उन्हें केरल के मुख्यमंत्री और कर्नाटक के मुख्यमंत्री की तरह इससे बचना चाहिए था।

इस पर तमिलनाडु के लोगों को जो संदेश दिया जाएगा वह अच्छा नहीं होगा और डीएमके को काफी सफाई देनी पड़ेगी।' हालांकि स्टालिन के कई समर्थकों का मानना है कि मुख्यमंत्री ने एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक बैठक में भाग लिया है और यह भागीदारी प्रशासनिक और आधिकारिक कारणों से थी।

चेन्नई के द्रमुक नेता शेंथिलनाथन ने कहा, मुख्यमंत्री ने बैठक में भाग लिया है क्योंकि यह एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी वाली बैठक है। तमिलनाडु एक प्रगतिशील राज्य है और हमें अपने राज्य का उचित प्रदर्शन करना होगा।

मुख्यमंत्री राजनीतिक स्तर पर भाजपा और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े आलोचक रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेना पड़ता है जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित कई प्रतिभागी शामिल होते हैं।

# देश को अच्छा बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताएं : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने रविवार को कहा कि अगर देश को अच्छा बनाना है तो विपक्ष के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 40 सीटों पर (तमिलनाडु में 39 और पुडुचेरी में एक सीट) जीत दिलानी होगी।

स्टालिन ने नेवेली में द्रमुक विधायक सभा राजेंद्रन के विवाह समारोह के अवसर पर वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि अगर इंडिया गठबंधन जीतता है, तभी भारत की रक्षा की जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु और पुडुचेरी की सभी 40 सीटों पर जीत के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा अगर हम इन 40 सीटों पर जीत प्राप्त करते हैं, तो हम केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

स्टालिन ने कहा आइए हम एकजुट होकर यह सुनिश्चित करने का संकल्प लें कि इंडिया गठबंधन सभी 40 सीटों पर जीत प्राप्त करेगा। उन्होंने अपने सामान्य नारे के साथ भाषण समाप्त किया, सभी 40 सीटें हमारी हैं, देश हमारा है।

# द्रमुक ने 'इंडिया' का नाम बदलने की योजना को दिखाई लाल झंडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन उस समय प्रतिक्रिया देने वाले पहले लोगों में से थे, जब यह पता चला कि जी20 प्रतिनिधियों को दिया गया निमंत्रण पारंपरिक 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' की ओर से था। इसे केंद्र सरकार द्वारा देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने का कदम माना गया। स्टालिन ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से पिछले नौ वर्षों में, देश के प्रति नरेंद्र मोदी सरकार का एकमात्र योगदान शायद नाम को इंडिया से बदलकर भारत करने का विचार है। तमिलनाडु पर शासन कर रही डीएमके कई मुद्दों पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ टकराव की स्थिति में है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया पर यह भी कहा कि विपक्षी गुट ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखा है और इस नाम ने भाजपा को परेशान कर दिया है, इसके कारण वह देश का नाम बदलने पर विचार कर रही है। एक माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा, ऐसा लगता है कि बीजेपी इंडिया नामक एक शब्द से परेशान है। वे विपक्ष के भीतर एकता की ताकत को पहचानते हैं। चुनाव के दौरान इंडिया बीजेपी को सत्ता से बाहर कर देगी। इंडिया, इंडिया ही रहेगा'। द्रमुक के उप महासचिव और थूथुकुडी से सांसद कनिमोझी करुणानिधि, जो मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की बहन भी हैं ने कहा कि आरएसएस पूरे देश के लिए एजेंडा तय कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 'गवर्नमेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'गवर्नमेंट ऑफ भारत' का उपयोग अभूतपूर्व था और इस तरह के राजनीतिक कदम का कोई कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार आरएसएस और उसके प्रमुख मोहन भागवत के कहे का पालन कर रही है और जी20 प्रतिनिधियों को निमंत्रण इसका स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख ने पहले कहा था कि इंडिया का नाम बदलना होगा और सरकार उसका अनुसरण कर रही है।

द्रमुक इंडिया से नाम बदलकर भारत करने के सरकार के कदम को भुनाने की कोशिश कर रही है और राज्य भर में जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उसका कहना है कि बीजेपी आरएसएस के एजेंडे के मुताबिक आगे बढ़ रही है। कनिमोझी का यह बयान कि आरएसएस देश के लिए एजेंडा तय कर रहा है, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि डीएमके तमिलनाडु में अपने अभियान को कैसे आगे बढ़ाएगा।

तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटें जीतने की उम्मीद करने वाली एक राजनीतिक पार्टी के रूप में, डीएमके केंद्र में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रामक रूप से आगे बढ़ेगी। नाम बदलकर भारत करने का सरकार का कदम डीएमके के एजेंडे में होगा। वरिष्ठ नेताओं की प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं से संकेत मिलता है कि पार्टी अपने प्रमुख बिंदुओं में से एक के रूप में नाम परिवर्तन में आरएसएस के कोण पर ध्यान केंद्रित करेगी।

सामाजिक समानता और तमिल को बढ़ावा देने की अपनी द्रविड़ पहचान के साथ द्रमुक ने नाम परिवर्तन के मुद्दे को पकड़ लिया है और राज्य में इसके खिलाफ सक्रिय रूप से बोलेगी। राज्य में पार्टी द्वारा हिंदी विरोधी आंदोलन जैसा कोई कदम फिर से उठाए जाने की संभावना है. हालांकि, एक अखिल भारतीय पार्टी होने के नाते इसकी राजनीतिक सहयोगी कांग्रेस इसे कैसे संभालेगी, यह लाख टके का सवाल है।

# नीलगिरी में दो बाघिन मृत पायी गयी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शनिवार शाम को कुंधा में नेहरु नगर के एक जलाशय में दो बाघिन मृत पायी गयी हैं। मुदुमलाई टाईगर रिजर्व फील्ड निदेशक के कार्यालय ने आज एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया बाघिनों के शव अवालांची बांध पानी की नहर के पास मिले। जिसमें से एक पानी में, वहीं दूसरी नहर के किनारे मृत पायी गयी।

बाघिनों के शवों पर कोई चोट नहीं थे और ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इनकी मौत दो दिन हुई होगी। सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय) देवराज के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम का गठन किया गया और टीम यह पता लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण कर रही थी कि क्या बाघिनों को जहर दिया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार बाघिनों का पोस्टमार्टम आज किया गया। नमूनों को फोरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है जिसके बाद बाघिनों की मौत का सही कारण पता चल पाएगा। जिला वन अधिकारी (नीलगिरी क्षेत्र) एस गौतम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच की। उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने में मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में तीन, नीलगिरी के नाडुवट्टम में एक और एमराल्ड में दो बाघों सहित पूरे नीलगिरी में छह बाघों की मौत हो चुकी है।



# एक अच्छी किताब जीवन की सच्ची मित्र होती है : राज्यपाल गहलोत

## गोवा के राज्यपाल की कन्नड़ अनुवादित पुस्तक को हुआ विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि किताबें मानव जीवन में सबसे अच्छी साथी, मार्गदर्शक और जीवन की मित्र हैं। शहर के बसवनगुडी एन.आर. कॉलोनी में अश्वथ कला भवन सभागार में आयोजित समारोह में उपस्थित गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई की कन्नड़ अनुवादित पुस्तक 'गिलियु बरदे इरादु' जिसका अनुवाद डॉ. सी मैरी जोसेफ ने किया के विमोचन पर मुख्य अतिथि गहलोत ने यह बात की।

गहलोत ने कहा कि जब हम दुखी और उदास होते हैं तो किताबें हमें प्रेरित करती हैं और आत्मविश्वास से भर देती हैं। अच्छी किताबें हमारे दिमाग को शांत करने और हमारे विचारों को पोषण देने में मदद करती हैं। साथ ही, अच्छी किताबें प्रेरणा, ज्ञान, नैतिक शिक्षा देती हैं और कुछ किताबें लोगों के जीवन में एक नया मोड़ लाती हैं। अत: उन्होंने सभी से जीवन में अच्छी पुस्तकों का अध्ययन कर जीवन का सच्चा मित्र खोजने का आह्वान किया।

यह खुशी की बात है कि गोवा के राज्यपाल की पुस्तक का कन्नड़ अनुवाद में विमोचन हुआ है। यह पुस्तक मलयालम भाषा में लिखी गई थी और इसकी अपार सफलता के कारण खुशी है कि इसका कन्नड़ में अनुवाद कर प्रकाशन किया गया। मलयालम पुस्तक 'तत्ता वरधिरिककिला' का कन्नड़ में अनुवाद अनुभवी पत्रकार मैरी जोसेफ द्वारा किया गया है। इस पुस्तक में ग्रामीण जीवन, जीवन मूल्यों, मानवीय दृष्टिकोण को लघुकथाओं के माध्यम से बहुत ही सरलता से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह पुस्तक कन्नड़ भाषा में भी लोकप्रिय होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल पिल्लई राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी मुद्दों और कविता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर अंग्रेजी और अपनी मातृभाषा मलयालम में सहजता और दक्षता के साथ लिखते हैं। उन्होंने इसे गर्व की बात बताया कि उन्होंने 197 से अधिक किताबें लिखी हैं, जिनमें मलयालम और अंग्रेजी में 15 से अधिक कविता संग्रह शामिल हैं। हम सभी जानते हैं कि किताब लिखना कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। श्रीधरन पिल्लई ने छोटी कहानियों की एक श्रृंखला लिखी और उन्हें एक किताब में बदल दिया। श्रीधरन पिल्लई ने कहा, उन्हें लिखने का शौक है, अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, अपने जुनून को पूरा करने और पढ़ाई में अपनी रुचि को बढ़ाने के लिए किताब लिखने के लिए समय निकालना एक ऐसा कदम है जो हम सभी के लिए प्रेरणा है।

पिल्लई का पांच दशकों से अधिक का शानदार करियर हम सभी के लिए प्रेरणा है। अपने निर्णायक नेतृत्व और दूरदर्शिता से समाज और देश के विकास और प्रगति के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आये।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मैरी जोसेफ द्वारा अनुवादित गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई की पुस्तक को ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. चन्द्रशेखर कंबार द्वारा भेंट की गई। कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई, विजया कर्नाटक दैनिक के संपादक सुदर्शन, वरिष्ठ पत्रकार मैरी जोसेफ, साहिति शोभा राव, वीरा लोक प्रकाशन के प्रकाशक वीरकापुत्र श्रीनिवास आदि उपस्थित थे।

# कोडानाड हत्या और डकैती मामले में आरोपियों के परिजनों का दावा, अन्नाद्रमुक नेता हैं शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कुख्यात कोडानाड हत्या और डकैती मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। प्रथम आरोपी के भाई ने पार्टी महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) और अन्य नेताओं के एक समूह सहित अन्नाद्रमुक नेताओं के खिलाफ आरोप लगाए हैं। सड़क दुर्घटना में मारे गए पहले आरोपी सी. कनगराज के भाई सी. धनबल ने आरोप लगाया कि कोडनाड मामले में अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता शामिल थे।

शनिवार को, एआईएडीएमके सेलम उप जिला सचिव आर. एलंगोवन ने कुछ अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ पुलिस से शिकायत की कि धनबल द्वारा कोडनाड मामले में उनका नाम घसीटा गया है। इलांगोवन ने कहा कि धनबल को पहले कोडनाड मामले में सबूत नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और वह उनके (एलंगोवन) खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे है।

एक आलीशान बंगले के साथ 900 एकड़ की कोडनाड संपत्ति संयुक्त रूप से दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता और उनकी सहयोगी और करीबी सहयोगी वीके शशिकला के स्वामित्व में थी। दिसंबर 2016 में जयललिता के निधन और फरवरी 2017 में शशिकला की गिरफ्तारी के बाद, 23 अप्रैल 2017 को कोडानाड एस्टेट बंगले में चोरी हुई। चोरी के दौरान एक सुरक्षा गार्ड ओम बहादुर की मौत हो गई और दूसरा गार्ड कृष्णा थापा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक, इस्टेट बंगले से कुछ ही कलाकृतियां चोरी हुई हैं। चोरी के कुछ दिनों बाद, मामले के पहले आरोपी सी. कनगराज की सलेम-मद्रास राजमार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जब वह जिस दोपहिया वाहन से यात्रा कर रहा था, उसे एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। उसी दिन, दूसरे आरोपी सायन की पलक्कड़ के वालयार में दुर्घटना हो गई, जब वह कार से जा रहा था, इस दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी और बेटी की मौत हो गई।

द्रमुक ने अपने चुनाव अभियान के दौरान कोडानाड हत्या और डकैती मामले को फिर से खोलने का वादा किया था और मई 2021 में सत्ता संभालने के बाद मामले की फिर से जांच करने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया था।


# रामैया बने कर्नाटक टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष



**बेंगलूरु।** युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव रक्षा रमैया को सर्वसम्मति से कर्नाटक टेबल टेनिस एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। अब तक इस एसोसिएशन के अध्यक्ष संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी थे। रामैया को रविवार को धारवाड़ में सर्वसम्मति से इस पद के चुना गया। वह अगले छह वर्षों तक इस पद पर बने रहेंगे। उन्होंने अपनी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि टेबल टेनिस एक महत्वपूर्ण खेल है और युवाओं के व्यापक विकास में मदद करता है। उन्होंने कहा, यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का पूरक है। टेबल टेनिस उन खेलों में से एक है जो एकाग्रता बढ़ाता है। मैं युवाओं को प्रोत्साहित करके इस खेल को अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास करूंगा।

# भाजपा का जद(एस) के साथ गठबंधन करने पर चर्चा जारी है : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बीएस येडीयुरप्पा ने रविवार को कहा कि कर्नाटक में जनता दल (एस) के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा जारी है और अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने कुछ दिन पहले कहा था कि भाजपा का पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की पार्टी के साथ समझौता होगा।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह अन्य जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं और एक दो दिनों में इस मुद्दे पर चर्चा कर फैसला ले सकते हैं। येडीयुरप्पा ने कहा, मोदीजी अन्य मुद्दों में व्यस्त हैं, इसलिए संभवत: एक-दो दिन बाद चर्चा हो सकती है। अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। हमें इंतज़ार करना होगा और देखना होगा।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, जब मैंने पहले बात की थी, तब भी चीजें किसी अंतिम स्तर पर नहीं पहुंची थीं। अब भी कोई अंतिम रूप नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री, (गृह मंत्री) अमित शाह और अन्य नेता चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे, तब तक हमें इंतजार करना होगा। येडीयुरप्पा ने कहा, 'मुझे लगता है कि मोदीजी और अन्य लोग आज और कल व्यस्त हैं, इसलिए दो-तीन दिनों में चर्चा हो सकती है।' येडीयुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, जद(एस) के साथ समझौता करेगी। इससे राज्य में सियासी पारा चढ़ गया था। भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ने कहा था कि चुनावी गठजोड़ के तहत, जद (एस) कर्नाटक में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। हालांकि, शनिवार को जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा था कि भाजपा और उनकी पार्टी के एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा अभी शुरुआती चरण में है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 सीटें जीतीं थी जबकि मंड्या से उसके समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस और जद(एस) ने एक-एक सीट हासिल की थी।

# बेंगलूरु मे निजी परिवहन संघों का आज बंद का आह्वान

## लाखों लोगों को हो सकती है असुविधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में फेडरेशन ऑफ कर्नाटक स्टेट प्राइवेट ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने सोमवार को बेंगलूरु बंद का आह्वान किया है। बंद का आह्वान कांग्रेस सरकार द्वारा एसोसिएशन की मांगों को पूरा करने में कथित विफलता के विरोध में किया गया है। निजी ऑपरेटरों राज्य में महिलाओं को मुफ्त यात्रा योजना के कारण हो रहे राजस्व नुकसान पर मुआवजे की मांग कर रहे है। उन्होंने व्हाइटबोर्ड वाहनों के अवैध उपयोग, यात्रियों के आवागमन, बाइक-टैक्सी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने और अन्य के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कर्नाटक राज्य निजी परिवहन संघों के महासंघ ने सोमवार को बंद' के तहत ऑटो, टैक्सी, मैक्सी कैब, मालवाहक वाहन और कॉरपोरेट बसों समेत लाखों निजी वाहन सड़कों से नदारद रह सकते हैं। बंद से स्कूली छात्रों और काम पर जाने वाले व्यक्तियों सहित अन्य लोगों को यात्रा के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। महासंघ में 32 निजी परिवहन संघ शामिल हैं और अधिकांश निजी परिवहन सेवाओं के आज मध्यरात्रि से सोमवार मध्यरात्रि तक उपलब्ध नहीं रहने की आशंका है।

# देवेगौड़ा ने आधिकारिक तौर पर भाजपा-जेडीएस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की घोषणा की



**बेंगलूरु।** जनता दल (एस) जेडीएस सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने रविवार को राज्य में 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की आधिकारिक घोषणा की। गौड़ा ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टी को बचाने के लिए गठबंधन जरूरी है और आने वाले दिनों में भाजपा नेतृत्व के साथ बातचीत करके सीट-बंटवारे का समझौता किया जाएगा। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय पार्टी को बचाने के लिए गठबंधन जरूरी था। वे (कांग्रेस) जेडीएस को खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, सिद्दरामैया ने 2018 में चामुंडेश्वरी निर्वाचन क्षेत्र में जेडीएस उम्मीदवार जीटी देवेगौड़ा के खिलाफ अपनी हार और कुछ राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण 2005 में पार्टी से निष्कासन का बदला लेने के लिए जेडीएस को खत्म करने की साजिश रची। यह घोषणा पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में की गई जिसमें श्री देवेगौड़ा और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी भी शामिल थे।

कुछ दिन पहले भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येडीयुरप्पा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और जेडीएस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की पुष्टि की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में जेडीएस कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर पहुंची थी, लेकिन इससे किसी भी पार्टी को मदद नहीं मिली। बैठक को सम्बोधित करते हुए गौड़ा ने संकेत दिया कि जेडीएस कर्नाटक के दक्षिणी हिस्सों में भाजपा को कुछ सीटें दे सकती है, जहां पार्टी की मजबूत उपस्थिति है। उन्होंने कहा, सभी (लोकसभा) निर्वाचन क्षेत्रों में, भाजपा के पास भी अपनी ताकत है। क्या हासन, मंड्या, रामनगर, कोलार और तुमकुर में भाजपा के लिए कोई वोट नहीं है? हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि जेडीएस के पास कुछ भी नहीं बचा है। यहां तक कि भाजपा को भी ऐसा नहीं सोचना चाहिए।

# चुनाव मैदान में भी गोल करने को उतारू हैं ताराचंद धायल

बाल मुकुंद जोशी
dakshinbharat.com

सीकर। अभी नहीं तो कभी नहीं की तर्ज पर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल इस बार सीकर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पूरी शिद्दत से जुटे हैं, लेकिन मसला यह है कि सीकर सीट पर पिछले तीन दशक से ब्राह्मण जाति का विधायक निर्वाचित होता रहा है। जीत चाहे कांग्रेस की रही हो या फिर भाजपा की, लेकिन सीट पर कब्जा ब्राह्मण का रहा है। ऐसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता धायल परंपराओं को कैसे तोड़कर टिकट लायेंगे, यह विचारणीय बिंदु है। फिर भी पिछले कई महीनों से क्षेत्र में उनका चल रहा सघन जनसंपर्क अभियान चर्चाओं में है।

ज्ञातव्य है कि धायल छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। उन्होंने पार्टी के किसान मोर्चा में 15 वर्ष लगातार अध्यक्ष के रूप में सेवा की और साथ ही वे खेल प्रकोष्ठ के 10 वर्ष तक प्रभारी भी रहे। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वे जिला परिषद में लगातार पांचवीं बार सदस्य बने हैं। उन्होंने पहला चुनाव वर्ष 2000 में लड़ा था। तब से लेकर अब तक धायल अनवरत जिला परिषद के सदस्य हैं।



वर्तमान में वे उप जिला प्रमुख भी है, जो निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा वे भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे हैं।

लंबे समय से सीकर का एमएलए बनने की आस पाले इस भाजपा नेता ने अब की दफा चुनाव मैदान में उतरने के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया है। पूरे लवाजमे के साथ सीकर के शहरी व ग्रामीण इलाकों में 260 से ज्यादा जन सम्पर्क नुक्कड़ सभाएं करने के अलावा देश-विदेश में रहने वाले क्षेत्र के वाशिंदों से भी धायल उनके यहां जाकर मेल-मिलाप कर आए हैं। आने वाले दिनों में इस भाजपा नेता की सीकर के रामलीला मैदान में एक बड़ी जनसभा करने की योजना है।

ऐसा कर वे जनता के समर्थन के बहाने अपने इरादों का इजहार कर सकते हैं। बास्केबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे धायल का चुनावी दंगल में दांव लगता है या नहीं, यह तो वक़्त बतायेगा लेकिन उनका स्वयं का कहना कि मेरे को जानने वाले इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं कि मैं जात-पांत से ऊपर उठकर जनसेवा करता हूं। बहरहाल, कांग्रेस में प्रत्याशी परिवर्तन की चर्चा के बीच भाजपा में भी ब्राह्मण के अलावा दूसरी किसी जाति के उम्मीदवार के रूप में धायल एक बेहतर विकल्प हैं।

# मिलकर काम कर रहे हैं हम, दोबारा सरकार बनाएंगे : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि पार्टी के नेता मिलकर काम कर रहे हैं और राजस्थान में दोबारा सरकार बनाएंगे। उन्होंने निवाई (टोंक) में संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के नौ साल के कामकाज का आकलन जनता करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा के नौ साल के काम का धरातल पर जनता आकलन करेगी। महंगाई का क्या हाल है, बेरोजगारी का क्या हाल है? किसान परेशान, नौजवान



अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं ... इन तमाम मुद्दों को लेकर चुनाव लड़े जाते हैं और लड़े भी जाने चाहिए।

उन्होंने कहा, लेकिन भाजपा की कोशिश होती है कि धर्म के नाम पर, मजहब के नाम पर लोगों का ध्यान भटकाया जाए। परंतु हमारी भी पूरी तैयारी है। राहुल गांधी ने हाल ही में राजस्थान में सभा की थी, प्रियंका गांधी कल आ रही हैं तथा और नेता भी आएंगे। हम लोग मिलकर काम कर रहे हैं और दुबारा सरकार बनाएंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 10 सितंबर को राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में जनसभा को संबोधित करेंगी। पायलट ने प्रस्तावित सभा स्थल का दौरा किया। इससे पहले पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।



# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की पूरी संपत्ति अपने उद्योगपति मित्रों को दे दी : प्रियंका गांधी वाड्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर ताबड़तोड़ हमले किए। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की पूरी संपत्ति अपने उद्योगपति मित्रों को दे दी है। महंगाई से कोई परवाह नहीं है। खुद को भूमि पुत्र कहने वाला करोड़ों के काफिले में चलता है। पीएम ने उद्योगपति मित्रों का कर्ज माफ कर दिया। उद्योगपति मित्रों को आगे रखा। जनता पीछे है। बीच में धर्म को ले आते हैं। जाति को ले आते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। बीजेपी ने जनता के हक को बार-बार मारा है। धनवान मित्रों को सरकार की बड़ी-बड़ी कंपनियां सौंप देते हैं तो नुकसान कौन उठाता है। पुरानी पेंशन राजस्थान में मिल रही है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आपदा आई हुई है। लेकिन पीएम मोदी के उद्योगपति मित्र अडानी ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए। सेब को ले जाने वाले सामान को महंगा कर दिया। हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सैकड़ों घर बर्बाद हो गए। लेकिन घर बनाने में काम आने वाली सीमेंट महंगी करवा दी। प्रियंका गाँधी ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना बंद करके बीजेपी ने कर्मचारियों का हक छीन है। जब पेंशन बढ़ाने की बात आती है तो सरकार कहती है पैसों नहीं है।



प्रियंका ने कहा कि मोदी सरकार उद्योगपति मित्रों के लोन माफ कर देती है। लेकिन पेंशन देने के लिए पैसा नहीं होने की बात कहती है। बीजेपी सरकार ने जनता का हक मारा है। जो सरकार जनता क हक मारती है। उसे नकार दीजिए। देश मे महंगाई है। लेकिन बीजेपी वालों को कोई चिंता नहीं है। राजस्थान की गहलोत सरकार को चिंता है। गैस सिलेंडर 500 रुपये में दिया जा रहा है। फ्री में इलाज है। 8 रुपये में खाना है। रोजगार गांरटी योजना है। क्योंकि हम गरीब को गणेश मानते है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज यह नौबत क्यों आई है ? प्रदेश की सरकारों को महंगाई राहत कैंप लगाने पड़ रहे। राजस्थान को वीरता और त्याग की भूमि कहा जाता है। राजस्थान की भूमि के कण-कण में वीरता की कहानियां हैं। प्रियंका गांधी ने डिग्गी कल्याण जी का मंच से जयकारा लगाया। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। लोकतंत्र में जनता से बड़ा कोई नहीं है। अंतिम छोर के गरीब तक योजनाएं पहुंचाना कांग्रेस का लक्ष्य है. राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की। जिस सरकार की नीयत सही होती है, वो सरकारी पैसे को सही जगह भलाई के लिए खर्च करती है। देश में ऐसे ही सरकार है अशोक गहलोत जी की सरकार।

प्रियंका गांधी ने कहा कि केंद्र की सरकार में धनवान की जय जयकार करती है। देवनारायण जी की श्रद्धा, डिग्गी कल्याणजी की श्रद्धा,''धन्ना भगत जी के विचार' इसी सोच पर कांग्रेस सरकार है। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि एठ्उझ पर मौन क्यों है केंद्र सरकार ? राजस्थान के 13जिलों का बड़ा मुद्दा है। अब चुनाव आ गए, मेरा आग्रह है, ऐसे नेता चुनिए। जिसके मन में अहंकार नहीं आपके प्रति श्रद्धा है, जो सत्ता में आकर लोगों की मुश्किलें नहीं बढ़ाए, बल्कि सत्ता में आकर आपकी तकलीफों को दूर करे। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ऐसी है।

निवाई में प्रियंका गांधी ने कहा कि जी-20 के बैठक स्थल पर बारिश से पानी आ गया। शायद प्रकृति कह रही थी, बीजेपी के नेता अपना अहंकार कम करें। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज राजस्थान सरकार गरीब को गणेश मानकर काम कर रही है। रणथंभोर में प्रसिद्ध गणेश मंदिर है।

मैं वहां कई बार गई हूं। उसी रास्ते से शेर, बाघ चलते है, मैं भी चलती हूं, लेकिन मैं हमेशा देखती हूं। दर्शन करने वालों के मन में कोई डर नहीं होता। क्योंकि उनकी श्रद्धा भगवान के प्रति होती है। लोकतंत्र में ऐसी श्रद्धा नेता की जनता के प्रति होनी चाहिए। लेकिन सत्ता में आने के बाद नेता की जनता जनार्दन की बजाय, खुद की महत्वाकांक्षा आगे आ जाती है। आज सरकार महिलाओं को मोबाइल दे रही है। सरकार अहसान नहीं कर रही ये जनता का हक है। लेकिन देश में बैठी सरकार घमंड में चूर है। महंगाई की बीजेपी नेताओं को कोई परवाह नहीं है। प्रियंका गांधी का वीर भूमि राजस्थान के सभी भाई, बहनों को मेरा राम राम. राजस्थान कर्तव्य, वीरता की मिसाल है। जोधपुरिया देव नारायण भगवान, धन्ना भगत, डिग्गी कल्याणजी की जय' 'लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है।

# महिला के साथ 'सामूहिक बलात्कार' का मामला झूठा पाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में शनिवार रात एक महिला के कथित अपहरण और फिर उसके साथ सामूहिक बलात्कार का मामला झूठा पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय महिला दो पुरुषों के साथ स्वेच्छा से संबंध बनाने गई थी और विवाद तब हुआ जब उन्होंने उसके पूरी रात रुकने पर जोर दिया। पुलिस के अनुसार, महिला घर जाना चाहती थी लेकिन दोनों व्यक्तियों ने उस पर रुकने का दबाव डाला, जिसके बाद वह निर्वस्त्र अवस्था में घर से बाहर आई और एक राहगीर से मदद मांगी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने प्रारंभ में मनगढ़ंत कहानी सुनाई थी कि दो लोगों ने उसका अपहरण कर लिया था और उसे एक सुनसान घर में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया, उसकी पिटाई की और उसके कपड़े ले लिए। अधिकारी ने कहा, महिला को डर था कि अगर उसके पति को इस बारे में पता चला तो वह उसे छोड़ देगा। इसलिए उसने मनगढ़ंत बात बताई।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो मोबाइल फोन में कॉल रिकॉर्डिंग से यह भी पता चला कि महिला ने शनिवार शाम को आरोपियों से बात की थी और पैसे लेकर उनके साथ जाने को तैयार हो गई थी। उन्होंने बताया कि महिला शनिवार रात छोटू सरगरा और गिरधारी से मिली और दोनों ने उसके साथ अमली रोड पर एक खाली पड़े मकान में सहमति से संबंध बनाए।

पुलिस के अनुसार ओडिशा की रहने वाली महिला की शादी छह साल पहले एक बिचौलिए के माध्यम से भीलवाड़ा के एक 50 वर्षीय दिव्यांग व्यक्ति से हुई थी।



# प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुकी है : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/बीकानेर/लूणकरण सर। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान आज लूणकरणसर में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार हर मोर्चे पर विफल है, वहीं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सरकार ने जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर देश के आमजन के जीवन को सुगम और सरल बनाया है। प्रदेश की जनता ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी और प्रदेश में कानून का राज स्थापित करेगी। भाजपा सरकार ही राजस्थान को फिर से वैभव की तरफ ले जाने का काम करेगी। हम राजस्थान को फिर सौभाग्य के द्वार तक लेकर जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था, पेपर लीक, किसानों से वादाखिलाफी, दुष्कर्म और दलित अत्याचार और बिजली कटौती गंभीर समस्या बन चुकी है। राजस्थान की आबादी 7.97 करोड़ है, यानी देश की 5.61 प्रतिशत आबादी यहां निवास करती है, लेकिन देश में कुल दर्ज होने वाली रेप की घटनाओं के 22 प्रतिशत केस राजस्थान में रजिस्टर हो रहे हैं। कल दिन में मुख्यमंत्री गहलोत कांग्रेस की राजकुमारी प्रियंका गांधी की यात्रा की तैयारियों के लिए सभास्थल की समीक्षा के लिए गए थे, उस सभास्थल से महज 5 किलोमीटर की परिधि में अज्ञात महिला का शव पडा मिला है।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध इस कदर बेलगाम है कि शाम को भोजन करके घर से बाहर टहलने निकली महिला को जबरन अगवाकर ले जाया गया। तीन-तीन दरिंदों ने उसके साथ दरिंदगी की। निर्वस्त्र अवस्था में उसको छोड़कर चले गए। उसे सड़क तक बिना कपड़ों के आना पड़ा और पुलिस ने अपनी गाड़ी की सीट को फाड़कर महिला की लाज बचाई। मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनाएं राजस्थान में निरंतर हो रही हैं।

यह सरकार की पूर्ण विफलता का परिणाम है। किसान कर्जमाफी के नाम पर वादा-खिलाफी के चलते किसान की जमीन नीलाम हो रही है, दूसरी तरफ समय पर खाद-बीज नहीं मिलने के कारण किसानों को घाटा हो रहा है। पहले अगस्त सूखा निकल जाने के चलते बरसात पर आधारित खेती बर्बाद हो गई, दूसरी तरफ बिजली न होने के चलते हुए किसान खून के आंसू रोने के लिए मजबूर हो गया। पूरे राजस्थान में इस तरह के हालात हैं। मुफ्त बिजली देने का दावा करने वाली सरकार किसानों को बिजली तक नहीं दे पा रही है।

## अवलोकन



टोंक में रविवार को विभिन्न हस्तशिल्पियों के आकर्षक व उपयोगी उत्पादों का अवलोकन करते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

# राजस्थान के कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश, धौलपुर में रेलवे पटरी धंसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/ धौलपुर। राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई जबकि कुछ स्थानों पर गर्म हवा चली। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान धौलपुर में मूसलाधार बारिश और बांसवाड़ा में भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक धौलपुर तहसील में 23 सेंटीमीटर, बांसवाड़ा में 15 सेंटीमीटर, बांसवाड़ा के केसरपुरा में 15 सेंटीमीटर, सल्लोपाट में छह सेंटीमीटर, शेरगढ़ में छह सेंटीमीटर, धौलपुर के राजाखेड़ा में पांच सेंटीमीटर, सैपऊ में पांच सेंटीमीटर, घाटोल में पांच सेंटीमीटर, प्रतापगढ के छोटी सादडी में पांच सेंटीमीटर, भरतपुर के रूपबास में पांच सेंटीमीटर, चित्तौड़गढ़ के बड़ेसर में पांच सेंटीमीटर, धौलपुर के बारी में पांच सेंटीमीटर और अन्य कई स्थानों पर चार सेंटीमीटर से एक सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई।

उत्तर मध्य रेलवे के धौलपुर-ग्वालियर रेल खंड पर रविवार सुबह चंबल के बीहड इलाके में रेलवे पटरी धंस गई। अधिकारियों ने बताया कि झांसी मंडल के तहत आने वाले हेतमपुर क्षेत्र में डाउन ट्रैक धंसने से लगभग चार घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा तथा रेलगाड़ियों का मार्ग बदला गया। वहीं, दो रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया गया।

धौलपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के अधीक्षक आर. पी. मीणा ने बताया कि रविवार सुबह धौलपुर-हेतमपुर के बीच में घेर हाल्ट स्टेशन के निकट तेज बारिश के कारण रेलवे पटरी धंस गई। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह नई दिल्ली की ओर जा रही गाड़ी संख्या 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस के चालक ने धौलपुर स्टेशन पर रेलवे पटरी के धंसने के संबंध में सूचना दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रभावित क्षेत्र में रेल संचालन को बंद कर झांसी मंडल के ग्वालियर एवं मुरैना से आई टीम ने रेल पटरी की मरम्मत की।

मौसम विभाग के प्रवक्ता राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार को मध्य प्रदेश और इसके आसपास के पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिन बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश का दौर जारी रहने तथा 12-13 सितंबर को पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा मैत्री-एकता साइकिल रैली का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में आज अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चल रही वैश्य मैराथन को सुंदर स्वरूप प्रदान करते हुए मैत्री-एकता साईकिल रैली का आयोजन किया गया। अजमेर जिला महामंत्री उमेश गर्ग ने बताया कि 10 सितम्बर 2023 रविवार को आयोजित इस रैली का उद्देश्य समानता, राष्ट्रवाद, समाजवाद और अहिंसा के भगवान अग्रसेन एवं भगवान महावीर के सिद्धान्त को निरूपित कर जन-जन तक पहुँचाना है। रैली के तहत प्रात: 6.00 वैदिक मंत्रोच्चार के साथ व्यवसायी कालीचरण दास खण्डेलवाल, रमाकान्त बाल्दी, रमेश तापड़िया, सूरज नारायण लखोटिया, सुनिल दत्त जैन, नीरज जैन, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, अशोक पंसारी, प्रवीण जैन, महेन्द्र गुप्ता, प्रेमप्रकाश विजयवर्गीय सहित समाज बन्धुओं ने भगवान अग्रसेनजी का माल्यार्पण कर पूजन किया। सैंकड़ों की तादाद में बच्चे, युवा, वृद्धजन, महिलाओं ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। प्रथम लक्की ड्रॉ - साइकिल, द्वितीय साईकिल पाँच साईकिल किट, बच्चों को विशेष आकर्षक पुरस्कार के अतिरिक्त प्रथम 100 व्यक्तियों को टी-शर्ट उपहार स्वरूप प्रदान की गई। आज की रैली को सी.ए. ऐसोसिएशन ने अध्यक्ष सी.ए. दिव्या सोमानी के नेतृत्व में रीजनल कॉलेज के बाहर आयोजकों का माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर हौंसला अफजाई की। साथ ही सी.ए. एसोसिएशन एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में व्यापारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य सामंजस्य व सुगमता स्थापित करने हेतु सेमिनार एवं कैम्प का आयोजन भी शीघ्र किये जाने का निर्णय लिया गया।



# सिन्ध के इतिहास को सम्भाल कर युवाओं को जोड़ना गर्व की बात : दत्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। सिन्ध के गौरवमयी इतिहास को सम्भालकर शोध संस्थान बनाना और युवाओं को शोध के लिए सहयोग करना सेवा की अनुठी पहल है। ऐसे विशाल सिंधु साहित्य एवं शोध संस्थान और बुजुर्गो की सेवा के लिए श्री अमरापुर सेवा घर (वृद्धाश्रम) तैयार करवाना एक प्रेरणा केन्द्र बना है। जिसके लिए संस्थान के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी व उनके सहयोगी बधाई के पात्र है।

यह विचार लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता ने अपने परिवार सहित सिंधु साहित्य एवं शोध संस्थान व श्री अमरापुर सेवा घर पहुंच कर अवलोकन के समय व्यक्त किए। दत्ता ने बताया कि लोकसभा स्पीकर के साथ देश-विदेश में भ्रमण करते हुए समाज बन्धुओं के साथ मिलने का अवसर प्राप्त होता है।

जहां पर ऐसे भामाशाहों ने समाज के जरूरतमंद परिवारों तक पूर्ण सहयोग के लिए समर्पण किया है।

# पर्यटन क्षेत्र शीघ्र ही जम्मू कश्मीर के विकास का इंजन बन जाएगा: उपराज्यपाल सिन्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कुपवाड़ा जिले की बंगस घाटी में 'बंगस एडवेंचर उत्सव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर का पर्यटन क्षेत्र शीघ्र ही इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए विकास का इंजन बन जाएगा।


सिन्हा ने कहा, '' बंगस जैसे गैर पारंपरिक पर्यटन केंद्र आरामदेह रोमांचक और मनमोहक अनुभव चाहने वाले यात्रियों के लिए आदर्श गंतव्य स्थल है। साहसिक पर्यटन से लेकर उत्तम व्यंजन, तीर्थाटन, पारंपरिक हस्तकरघा से लेकर शांत पर्वत तक, सबकुछ जम्मू कश्मीर में है।''

उन्होंने पर्यटकों का स्वागत किया और कामना की वह अपने साथ यादगार अनुभव लेकर जाएं। उन्होंने कहा, '' हम 'अतिथि देवो भव' के ध्येयवाक्य के साथ रहते हैं। मैं आशा करता हूं कि आप इस मनोरम घाटी की यात्रा से यादगार अनुभव लेकर जाएंगे जो महत्वपूर्ण गैर पारंपरिक पर्यटन केंद्र बनकर उभरी है।''

सिन्हा ने कहा कि यह उत्सव बंगस घाटी की ग्रामीण एवं साहसिक पर्यटन क्षमता को सामने लाएगा , इसकी जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देगा, स्थानीय शिल्पकारों को अपनी पारंपरिक कला एवं शिल्प प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर की पर्यटन क्षमता को सभी के सामने रखा और इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रशासन द्वारा उठाये गये कदमों का जिक्र किया।

उन्होंने कहा, '' हमने पर्यटन उद्योग का पूरी तरह कायापलट किया है तथा जम्मू कश्मीर को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में पेश किया है। शीघ्र ही पर्यटन क्षेत्र इस केंद्रशासित प्रदेश के विकास का इंजन बन जाएगा।''



## बोस ने केन्द्र को लिखी चिट्ठी, तृणमूल ने राज्यपाल पर भाजपा की ओर से काम करने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस द्वारा आधी रात को केंद्र और राज्य सरकार को दो सीलबंद पत्र भेजे जाने के बाद, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि वह ''भाजपा की ओर से जानबूझकर टकराववादी रुख अपना रहे हैं।''

दूसरी ओर, भाजपा ने सत्तारूढ़ दल पर ''राज्य की शिक्षा प्रणाली की गड़बड़ियां दूर करने के प्रयासों के लिए राज्यपाल पर निशाना साधकर उन्हें अपमानित करने'' का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने कहा कि आधी रात को गोपनीय पत्र भेजने का राज्यपाल का नया कदम ''इनाम के रूप में नई दिल्ली में शानदार नियुक्ति की इच्छा रखते हुए भाजपा को खुश करने'' के इरादे से उठाया गया है। सेन ने कहा, ''राज्यपाल सभी नियमों, कानूनों और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करके राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र को बर्बाद कर रहे हैं। राज्य (सरकार) द्वारा उनकी कार्रवाई में विसंगतियों को इंगित करने के बावजूद, वह बेपरवाह दिख रहे हैं और भाजपा के समर्थन के कारण टकराववादी रुख अपना रहे हैं।'' तृणमूल कांग्रेस के राज्य प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि आधी रात में अति सक्रिय होने की राज्यपाल की प्रवृत्ति पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट है कि वह किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं और दूसरों की बात नहीं सुन रहे हैं।'' तृणमूल कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ''राज्यपाल पिछले एक दशक में उच्च शिक्षा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस द्वारा फैलायी गई गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे हैं।

## 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं का एकमात्र मकसद सत्ता हासिल करना है : शुभेंदु



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता केवल सत्ता हथियाने में रुचि रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश की जनता के लिए काम करती है। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटल में भाजपा की एक बैठक को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता अवसरवादी हैं और प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में हैं, लेकिन वे देश को एक इंच भी आगे नहीं ले जा सके। उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद से कई प्रधानमंत्री हुए। उनमें से कई अकेले कांग्रेस से थे। उन्होंने देश के लिए क्या किया? भाजपा को छोड़कर किसी ने भी जनता के जीवन में सुधार के लिए काम नहीं किया।''

## इंडिया का नाम बदलकर भारत किया जाएगा, कोलकाता में विदेशियों की प्रतिमाएं हटाएंगे : दिलीप घोष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने रविवार को कहा कि इंडिया का नाम बदलकर भारत किया जाएगा और कोलकाता में विदेशियों की प्रतिमाएं भी हटाई जाएंगी। मेदिनीपुर से सांसद घोष ने कहा कि जो लोग नाम बदलने के खिलाफ हैं, वे देश छोड़कर जा सकते हैं।

खड़गपुर शहर में 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोष ने कहा, ''जब पश्चिम बंगाल में हमारी पार्टी सत्ता में आएगी, तो हम कोलकाता में विदेशियों की सभी प्रतिमाएं हटा देंगे।'' उन्होंने कहा, ''इंडिया का नाम बदलकर भारत किया जाएगा। जो इसे पसंद नहीं कर रहे हैं, वे देश छोड़कर जा सकते हैं।'' राज्य से भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि एक देश के दो नाम नहीं हो सकते और नाम बदलने का यह सही वक्त है, क्योंकि दुनियाभर के नेता जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली में मौजूद हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता शांतनु सेन ने आरोप लगाया कि भाजपा ''असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) से डरी हुई है।'' कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए 'इंडिया' गठबंधन बनाया है।

## मोदी के जन्मदिवस समारोह के साथ त्रिपुरा में चुनाव प्रचार मुहिम तेज करेगी भाजपा



**अगरतला/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की त्रिपुरा इकाई 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाने के साथ लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज करेगी। पार्टी के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा के लिए अगले साल चुनाव होने हैं। भाजपा नेता एवं विधायक भगवान दास ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित समारोह को 'नमो विकास उत्सव' नाम दिया गया है और इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दास ने संवाददाताओं से कहा, ''हम मोदी जी के प्रति त्रिपुरा के लोगों का प्यार दर्शाना चाहते हैं। हम सभी चाहते हैं कि वह (मोदी) लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लें। भाजपा इस समारोह के साथ लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज करेगी।'' उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को दिन की शुरुआत 'कुमारघाट पीडब्ल्यूडी ग्राउंड' पर योग सत्र के साथ होगी, जिसमें मुख्यमंत्री माणिक साहा, उनके कैबिनेट सहयोगी और दिल्ली एवं त्रिपुरा के वरिष्ठ पार्टी नेता शामिल होंगे। दास ने कहा, ''बाद में, जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता देशभक्तिपूर्ण संबोधन देंगे। इसके बाद 'नमो' टी-शर्ट पहने 500 से अधिक स्वयंसेवक क्षेत्र में सफाई अभियान में शामिल होंगे।''

## उप्र: राजभर ने दारा सिंह चौहान के साथ जल्द मंत्री बनाये जाने का दावा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बलिया (उप्र)/भाषा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने रविवार को दावा किया कि उन्हें और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दारा सिंह चौहान को उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। चौहान, हाल में घोसी विधानसभा उपचुनाव हार गये हैं। वह समाजवादी पार्टी (सपा) छोड़कर सत्तारूढ़ दल भाजपा में जुलाई में शामिल हुए थे। शुक्रवार को हुई मतगणना में सपा के सुधाकर सिंह से 42,759 मतों के अंतर से उन्हें शिकस्त मिली।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेता एवं सुभासपा अध्यक्ष राजभर मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र में चौहान के लिए मुख्य चुनाव प्रचारक थे। जिले में राजभर समुदाय के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है।

संवाददाताओं के साथ बातचीत के दौरान, यह पूछे जाने पर कि विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि उपचुनाव के नतीजों के बाद उन्हें (राजभर) और चौहान को राज्य सरकार में मंत्री नहीं बनाया जाएगा, राजभर ने कहा ''क्यों नहीं? धैर्य रखिए, हम बिल्कुल (मंत्री) बनेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में हैं और राजग के मालिक (मुखिया) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी (भाजपा) प्रमुख जेपी नड्डा हैं।

## कांग्रेस ने भाजपा पर देश में व्यवस्थित तरीके से ध्रुवीकरण अभियान शुरू करने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हरियाणा और उत्तराखंड जैसे राज्यों में 'व्यवस्थित तरीके से ध्रुवीकरण अभियान' शुरू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि इसने राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर एक पोस्ट में जी20 के नई दिल्ली घोषणापत्र के एक पैराग्राफ का हवाला दिया, जिसमें इसने लोगों, धार्मिक प्रतीकों और धर्म ग्रंथों के खिलाफ धार्मिक आधार पर नफरत के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा की है। रमेश ने कहा,''स्वयंभू विश्वगुरु के चौंका देने वाले पाखंड का एक और उदाहरण देखने को मिला है। वैश्विक स्तर पर, जी20 घोषणापत्र के पैराग्राफ 78 में वह धार्मिक एवं सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करने, और संवाद व सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबकि अपने देश भारत में, उन्होंने मणिपुर में जातीय हिंसा पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और राज्य का दौरा तक नहीं किया।''



## उत्तर प्रदेश : पुलिस से मुठभेड़ के बाद इनामी गौ तस्कर साथियों सहित गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सोनभद्र (उप्र)/भाषा।** सोनभद्र जिले के हाथीनाला क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी कथित गौ तस्कर और उसके साथियों को गिरफ़्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने हाथीनाला थाना क्षेत्र के गरदरवा तिराहे पर 25 हजार रुपये के इनामी गौ तस्कर सदीक अंसारी और उसके साथियों मुख्तार अंसारी, जमायत अंसारी और दिलजान शेख को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में शनिवार रात करीब 11 बजे पुलिस ने हाथीनाला थाना क्षेत्र स्थित वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर स्थित चोरपनिया के जंगल में जीप सवार पशु तस्करों को रोकने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने पुलिस दल पर गोलीबारी की। सिंह ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पशु तस्कर यूनुस अंसारी और उसका साथी शरीफ गोली लगने से घायल हो गया। इन दोनों और उनके वाहन चालक मिथुन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सरकार ने नौ साल में वाहन क्षेत्र के लिए कई कदम उठाए, अब उद्योग को पहल करने की जरूरत : भार्गव



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने पिछले नौ साल के दौरान वाहन क्षेत्र के समक्ष आ रहे मुद्दों को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं और अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि वह उसी के अनुरूप पहल करे। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने यह बात कही है। भार्गव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि तेजी से बढ़ने और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए भारतीय उद्योग को खुद को देखना होगा। उसे यह देखना होगा कि कुल दक्षता, उत्पादकता और लागत नियंत्रण में सुधार के लिए और क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''पिछले नौ-10 वर्षों में सरकार जो कर रही है, उससे भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर पैदा हुआ है। ऐसे में अतीत में उद्योग के रास्ते में आने वाली कई समस्याओं का समाधान किया गया है।'' हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## पौधारोपण अभियान से हरित क्षेत्र और स्थानीय अर्थव्यवस्था बढ़ाने में मदद मिलेगी : मुख्यमंत्री हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि प्रदेश में चल रहे व्यापक पौधारोपण अभियान से हरित क्षेत्र बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'अमृत वृक्ष आंदोलन' के तहत इस साल राज्यभर में एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और अगले साल तीन करोड़ पौधे लगाए जाने हैं। पौधा वितरण स्थल पर हिमंत विश्व शर्मा ने संवाददाओं से कहा कि 2024 में इस अभियान का विस्तार किया जाएगा और तीन करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा, ''चूंकि गैर-वन क्षेत्रों में पौधे लगाए जा रहे हैं तो इससे हरित क्षेत्र बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही हम व्यावसायिक मूल्य वाले पेड़ों के पौधे भी वितरित कर रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।''

## तेलंगाना विस चुनाव से पहले 17 सितंबर को 'पांच गारंटी' की घोषणा करेगी कांग्रेस



**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले 17 सितंबर को यहां एक जनसभा में राज्य के लोगों के लिए पांच 'गारंटी' की घोषणा करेगी। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी 17 सितंबर को एक रैली में पांच चुनावी गारंटी की घोषणा करेंगी।

कांग्रेस ने पहले ही घोषणा की है पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में नव गठित कांग्रेस कार्यकारी समिति की पहली बैठक 16 सितंबर को हैदराबाद में होगी। वहां, विस्तारित कांग्रेस कार्यकारी समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक 17 सितंबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) के प्रमुख हिस्सा लेंगे। कांग्रेस ने आगामी महीनों में प्रस्तावित विस चुनाव के लिए 'किसान घोषणापत्र', 'एससी, एसटी घोषणापत्र' और 'युवा घोषणापत्र' जारी किए थे, जिसमें मतदाताओं से किए वादे शामिल हैं। दरअसल, पड़ोसी कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा घोषित 'पांच गारंटी' को पार्टी की सफलता में अहम माना जाता है।

## चीजों से जुड़े डर और दर्द को दूर करना सबसे बड़ी चुनौती: राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलंबो/भाषा।** जांघ की चोट के कारण लगभग चार महीने बाहर रहने के दौरान रिहैबिलिटेशन से गुजरते समय भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानसिक अड़चनों से निपटना थी। राहुल को इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चोट लगी थी जिसके लिए बाद में उन्हें लंदन में सर्जरी भी करानी पड़ी।

यह 31 वर्षीय बल्लेबाज इसके बाद बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन से गुजरा और अब एशिया कप में खेलने के लिए फिट हो गया। वह हालांकि हल्की चोट के कारण श्रीलंका में चल रहे इस टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाए। राहुल का हालांकि चार सितंबर को दोबारा आकलन किया गया और उन्हें इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए कैंडी में भारतीय टीम से जुड़ने की स्वीकृति मिल गई।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए वीडियो में राहुल ने कहा, ''कई बार आप मानसिक लड़ाई भी लड़ते हो जहां आप हमेशा सोचते हो कि मुझे दर्द हो सकता है। और जब आप इस मानसिकता में होते हो तो कौशल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए सबसे बड़ी चुनौती चीजों से जुड़े इस डर और दर्द से पार पाना होती है।''

राहुल ने कहा कि विकेटकीपिंग के लिए जांघ में काफी मजबूती की जरूरत होती है और रिहैबिलिटेशन से गुजरते समय उनके मन में सबसे बड़ा सवाल यह था कि इतनी बड़ी सर्जरी के बाद वह दोबारा इस भूमिका के लिए खुद को कैसे समझाएंगे। उन्होंने कहा, ''बड़ी बात यह थी कि मैं अपने शरीर को लेकर आत्मविश्वास महसूस करूं और उन मूवमेंट में दर्द से मुक्त रहूं जिनमें बहुत अधिक जोर लगाने की आवश्यकता होती है। विशेषकर, मुझे पता था कि वापस आकर मुझे विकेटकीपिंग भी करनी होगी।'' राहुल ने कहा, ''और यह फिजियो और मेरे लिए सबसे बड़ी चिंताओं में से एक था, मेरे दिमाग में एक बड़ा सवालिया निशान था कि जांघ की चोट के कारण वापसी करते हुए मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती विकेटकीपिंग होगी।''

### श्रेयस पीठ में जकड़न के कारण पाक के खिलाफ मैच से बाहर



**कोलंबो/भाषा।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ में जकड़न के कारण पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच से बाहर हो गए। अय्यर इससे पहले भी पीठ की चोट के कारण परेशान रहे थे जिसका कि उन्होंने ऑपरेशन करवाया था। उन्होंने एशिया कप में दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में वापसी की थी। वह उनका लगभग छह महीनों में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। बीसीसीआई के अनुसार,'' आज मैच से पूर्व वार्म अप के दौरान श्रेयस अय्यर की पीठ में जकड़न हो गई।'' अय्यर के बाहर हो जाने से केएल राहुल को अंतिम एकादश में जगह बनाने का मौका मिल गया।

## किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, टिकट और कार्यक्रम को लेकर बीसीसीआई की आलोचना की थी: प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड विश्व कप के कार्यक्रम और टिकट प्रक्रिया से बेहतर तरीके से निपट सकता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में सोशल मीडिया पर की गई कड़ी आलोचना किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बीसीसीआई से परामर्श करके कम से कम नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच भी शामिल है। यह मैच पहले 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाना था लेकिन नवरात्रि के कारण अब इसका आयोजन एक दिन पहले किया जाएगा।

प्रसाद ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने विचार रखते हुए शनिवार को कई ट्वीट करके बीसीसीआई की आलोचना की थी। उनके एक ट्वीट ने हालांकि सभी का ध्यान खींचा। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा था,''कोई भ्रष्ट, अहंकारी व्यक्ति किसी गैर भ्रष्ट संगठन की मेहनत को खत्म करने और पूरे संगठन की प्रतिष्ठा को खराब करने के लिए काफी होता है। इसका प्रभाव सिर्फ सूक्ष्म नहीं बल्कि व्यापक स्तर पर होता है। यह हर क्षेत्र में सच है, चाहे वह राजनीति हो, खेल हो, पत्रकारिता हो या कारपोरेट हो।'' उन्होंने हालांकि किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया लेकिन सोशल मीडिया पर इसको लेकर कयास लगाए जाने लगे कि प्रसाद के निशाने पर कौन हो सकता है।

## सुविचार

**यदि मंज़िल न मिले तो रास्ते बदलो, क्योंकि वृक्ष अपनी पत्तियाँ बदलते हैं जड़े नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# दूर करें विश्वास की कमी

वैश्विक स्तर पर भारत का बढ़ता कद देशवासियों के लिए गर्व की बात है। जी20 शिखर सम्मेलन में जिस तरह अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, सऊदी अरब, तुर्किए, कनाडा, इंडोनेशिया समेत सदस्य देशों के शीर्ष राजनेताओं ने शिरकत की और उनके समक्ष विभिन्न बिंदुओं पर मंथन के दौरान सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई, उसकी पूरी दुनिया में चर्चा है। आज हर देश देख रहा है कि भारत किस तरह बदल रहा है। हाल में चंद्रयान–3 और आदित्य–एल1 जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियों पर वे देश भी बधाई दे रहे हैं, जो कभी हमारी आर्थिक समस्याओं को लेकर व्यंग्य करते थे, अपमानजनक कार्टून छापते थे। वहीं, जी20 शिखर सम्मेलन में रूस–यूक्रेन युद्ध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी अत्यंत प्रासंगिक और काफी संतुलित थी। उन्होंने समूह के नेताओं के सामने मौजूदा 'विश्वास की कमी' को दूर करने और अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था, आतंकवाद तथा खाद्य, ईंधन एवं उर्वरकों के प्रबंधन का 'ठोस' समाधान सामूहिक रूप से निकालने का आह्वान कर बता दिया कि हमारी प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिएं। इस शिखर सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुंबकम्' का आदर्श, प्रधानमंत्री मोदी के शुरुआती संबोधन के इन शब्दों में झलकता है कि जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत 'पूरी दुनिया को एक साथ आने और सबसे पहले 'वैश्विक विश्वास की कमी' को 'वैश्विक विश्वास' और 'भरोसे' में बदलने के लिए आमंत्रित करता है। मोदी ने उचित ही कहा कि 'कोविड–19 के बाद दुनिया में विश्वास की कमी का बहुत बड़ा संकट आ गया है। संघर्ष ने इस विश्वास की कमी को गहरा कर दिया है। जिस तरह हम कोविड पर काबू पा सकते हैं, उसी तरह हम आपसी विश्वास के इस संकट से भी पार पा सकते हैं। ... यह हम सभी के लिए एक साथ चलने का समय है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक बन सकता है।'


इस शिखर सम्मेलन में समूह के सदस्य देशों द्वारा 'नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन' को सर्वसम्मति के साथ अपनाया जाना भी भारत के लिए बड़ी सफलता है। मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन का आरंभ करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत मोरक्को में आए भीषण भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करके की, जिससे यह संदेश गया कि भारत 'पूरी धरती को अपना परिवार' तो मानता ही है, इस वाक्य को जीता भी है। मोरक्को में विनाशकारी भूकंप से अब तक 2,000 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। लगभग इतने ही लोग घायल हुए हैं। कई जगह इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो गई हैं। इस भूकंप ने फरवरी में तुर्किए में आए भूकंप की यादें ताजा कर दीं। वहां भारतीय बचाव एवं राहत दल ने अत्यंत प्रशंसनीय कार्य किया था, जिसे तुर्किए के लोग कभी नहीं भूल सकते। मोरक्को के अनुरोध पर भारत उसकी भी बड़े स्तर पर सहायता कर सकता है। आज प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण के अनुकूल ईंधन ... समेत कई चुनौतियां हैं, जिनकी ओर ध्यान देकर प्रभावी समाधान तलाशने की जरूरत है। रूस–यूक्रेन युद्ध भी बहुत लंबा खिंच गया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। अगर जी20 जैसे शिखर सम्मेलनों के माध्यम से गंभीरता से प्रयास किए जाएं तो शांति की राह निकल सकती है, लेकिन कुछ देशों का रवैया समन्वय पैदा करने में बाधक है। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने शिरकत की थी, जिनसे उनके ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक ने (सम्मेलन से इतर) मुलाकात कर 'ब्रिटेन की जासूसी संबंधी चिंताओं' से अवगत करा दिया। दरअसल चीन काफी समय से यूरोप में अपना जासूसी नेटवर्क मजबूत करने में जुटा है। दो लोगों के खिलाफ जासूसी के आरोपों संबंधी खुलासे के बाद सुनक ने ली क्विंग के समक्ष ब्रिटेन के संसदीय लोकतंत्र में चीनी हस्तक्षेप का मुद्दा उठाकर बता दिया कि उनकी 'गतिविधियों' पर ब्रिटिश एजेंसियों की कड़ी नजर है। सुनक ने अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में दर्शन भी किए, जिसकी देश–विदेश के मीडिया में खूब चर्चा हो रही है। एक समय था, जब शीर्ष राजनेता ऐसे आयोजनों के दौरान सनातन संस्कृति के प्रति अपना अनुराग खुलकर व्यक्त नहीं करते थे। आज संपूर्ण आयोजन पर सनातन की छाप स्पष्ट नजर आ रही है। यह भी हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है।

## ट्वीटर टॉक



संसदीय क्षेत्र के जूनदा खेड़ी गांव में 3 बच्चों के एनिकट में डूबने से मृत्यु की सूचना अत्यंत दु:खद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को श्री चरणों में स्थान एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**–दिया कुमारी**



महान स्वतन्त्रता सेनानी व सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन। वंचित वर्ग तक शिक्षा के प्रकाश को पहुंचाने से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान तक, उनके कार्य वंदनीय है।

**–ओम बिरला**



गहलोत सरकार के निर्देश पर पुलिस द्वारा पीड़ित परिवारों पर समझौते का दबाव डालकर मामले को रफा–दफा करने खेल चल रहा है, प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही ऐसे सभी मामलों की फिर से जांच होगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**–अरुण सिंह**

## प्रेरक प्रसंग

# अनमोल संतोष धन

आसफउद्दौला नामक दानवीर बादशाह के सामने जो भी हाथ फैलाता, वह उसकी झोली भर देता था। एक दिन उसने एक फकीर को गाते सुना। बादशाह ने उस फकीर को बुलाकर एक बड़ा तरबूज दिया। फकीर ने सोचा, तरबूज तो कहीं भी मिल जाएगा। थोड़ी देर बाद एक और फकीर गाता हुआ बादशाह के पास से गुजरा। उसके बोल थे– मौला दिलवाए तो मिल जाए, मौला दिलवाए तो मिल जाए। उसने फकीर को बेमन से दो आने दिए। दोनों फकीरों की रास्ते में भेंट हुई। उन्होंने एक दूसरे से पूछा, 'बादशाह ने क्या दिया?' पहले ने निराश स्वर में कहा,' सिर्फ यह तरबूज मिला है।' दूसरे ने खुश होकर बताया,' मुझे दो आने मिले हैं।' 'तुम ही फायदे में रहे भाई', पहले फकीर ने कहा। दूसरा फकीर बोला, 'जो मौला ने दिया ठीक है।' पहले फकीर ने वह तरबूज दूसरे फकीर को दो आने में बेच दिया। वह खुशी–खुशी अपने ठिकाने पहुंचा। उसने तरबूज काटा तो उसकी आंखें फटी रह गईं। उसमें हीरे–जवाहरात भरे थे। कुछ दिन बाद पहला फकीर फिर आसफउद्दौला से खैरात मांगने गया। बादशाह ने फकीर को पहचान लिया। वह बोला, 'तुम अब भी मांगते हो?

## सामयिक


# क्या चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी से एनडीए की परेशानी बढ़ जाएगी ?

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130

अभी हाल के उपचुनावों के रिजल्ट से एनडीए अभी उभर भी न पाई थी कि तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की खबर आ गई। जगनमोहन भले ही भाजपा के करीबियों में हैं, मगर तेलगु राज्यों में पैर जमाने के लिए भाजपा को एक पार्टनर की जरूरत है। पिछले दिनों चंद्रबाबू नायडू ने संकेत दिए थे कि वह एनडीए का हिस्सा हो सकते हैं। उन्होंने 2018 में एनडीए से एक्जिट होने पर भी खेद जताया था। आंध्र को विशेष राज्य के दर्जे को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। मगर लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद नायडू दोबारा एनडीए में वापसी की तैयारी कर रहे थे। हाल में ही उन्होंने नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की थी। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि देश के हित के लिए छोटी मांगों को नजरअंदाज किया जा सकता है। विपक्षी दलों को गठबंधन इंडिया बनने के बाद भाजपा ने टीडीपी के लिए एनडीए का रास्ता खोलने का मन बना लिया था। सूत्रों के अनुसार, भाजपा और तेलगुदेशम सीट शेयरिंग फार्मूले पर बात चल रही थी। अब करप्शन के मुद्दे पर चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी से भाजपा असमंजस में फंस गई है। तेलंगाना में केसीआर के खिलाफ भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रही भारतीय जनता पार्टी आंध्र प्रदेश में करप्शन के घिरे नायडू से कैसे तालमेल करेगी? जगन मोहन रेड्डी ने भाजपा के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हालांकि भाजपा आंध्र में एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जनकल्याण सेना सेना से गठबंधन कर चुकी है, मगर वह राज्य में मजबूत स्थिति में नहीं है।

ज्ञात हो कि चंद्रबाबू नायडू को को स्टेट सीआईडी ने स्किल डेवलपमेंट घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। अगले साल की शुरुआत में देश में आम चुनाव और आंध्रप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं और ऐसे में नायडू की गिरफ्तारी ने सबकों चौंका दिया है। साथ ही इस गिरफ्तारी ने आंध्र प्रदेश की राजनीति में नायडू और रेड्डी परिवार के बीच की पॉलिटिकल द्वेष को भी फिर चर्चा में ला दिया है। जगनमोहन रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू की राजनीतिक दुश्मनी 2012 में एक रिपोर्ट से शुरू हुई। जगन के पिता वाई चंद्रशेखर रेड्डी के निधन के बाद कांग्रेस ने के रोसैया को चीफ मिनिस्टर बना दिया। जगन के दावे की अनदेखी कर बाद में एन.किरन रेड्डी की ताजपोशी कर दी। जगन मोहन रेड्डी ने कांग्रेस से बगावत शुरू कर दी। तब कांग्रेस की सरकार ने वाईएसआर के कार्यकाल में रहे मंत्रियों की रिपोर्ट बनाई। इस रिपोर्ट में जगन की संपत्ति के बारे में छानबीन की गई। बताया जाता है कि कांग्रेस सरकार ने यह रिपोर्ट लीक कर दी और तेलगुदेशम ने जगन मोहन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाते हुए अभियान शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि जगन की संपत्ति की जांच का जिम्मा सीबीआई और ईडी को सौंप दिया गया। इस मामले में जगन मोहन रेड्डी की गिरफ्तारी भी हुई। जगन 16 महीने जेल में रहे और सितंबर 2013 में बाहर निकले। 2019 में सत्ता में आने के बाद चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ भी जांच शुरू कराई। सबसे पहले नायडू की करोड़ों की इमारत प्रजा वेदिका पर बुलडोजर चलवाया। सरकार का दावा था कि चंद्रबाबू नायडू का अमरावती में बना प्रजा वेदिका गैर कानूनी तरीके से बनाई गई है। फिलहाल चंद्रबाबू की गिरफ्तारी भी राजनीति रंग ले रही है।

चंद्रबाबू नायडू के राजनीतिक करियर भी काफी दिलचस्प है। एक वक्त था उनकी मर्जी से केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार बड़े फैसले किया करती थी। चंद्रबाबू नायडू तेलुगू सिनेमा के सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के दामाद हैं। साल 1995 में उन्होंने अपने ससुर के खिलाफ बगावत करके उनकी बनाई पार्टी तेलुगु देशम पर कब्जा कर लिया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी एनटीआर बस हाथ मलते ही रह गए।आंध्र प्रदेश की राजनीति में एक चमकदार सितारे की तरह उभरते हुए नायडू ने 1999 से



विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी तो की। साथ ही वो केंद्र की एनडीए सरकार का एक मजबूत स्तंभ भी बने और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यकाल के पूरा होने की बड़ी वजह भी बने।

कहा जाता है कि नायडू की सलाह पर ही वाजपेयी सरकार ने साल 2004 के वक्त से पहले ही लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया था। जोकि आत्मघाती फैसला साबित हुआ था और केंद्र में एनडीए को और आंध्र प्रदेश में नायडू को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी। साल 2004 में आंध्र प्रदेश की सत्ता मे कांग्रेस की वापसी हुई, जिसकी कमान वाईएस रेड्डी के हाथों में जिन्हें वाईएसआर कहा जाता था। वाईएसआर और चंद्रबाबू नायडू साल 1978 में कांग्रेस के टिकट पर चुनकर एक साथ पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। दोनों ही टी अंजेया की सरकार में जूनियर मिनिस्टर भी बने थे। साल 1984 में जब एनटीआर ने तेलुगू देशम पार्टी बनाई तो नायडू कांग्रेस छोड़कर अपने ससुर की पार्टी में शामिल हो गए और यहीं से उनके और रेड्डी परिवार के बीच आधं प्रदेश की सबसे बड़ी पॉलिटिकल द्वेष का आगाज हुआ।

साल 1999 में जब नायडू की पार्टी तेलुगुदेशम ने लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई तो वाईएसआर विपक्ष के नेता बने। उस वक्त नायडू काफी पावरफुल थे और केंद्र की वाजपेयी सरकार उनकी सहमति के बिना कोई फैसला लेने की हालत में नहीं थी, लेकिन ये 2004 में ये गेम बदल गया। वाईएसआर आंध्र प्रदेश की मुख्यमंत्री बन गए और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार बन गई। साल 2009 में वाएसआर ने नायडू को फिर शिकस्त दी। आंध्र प्रदेश कांग्रेस और केंद्र में फिर से यूपीए की सरकार बनी। उस वक्त ये माना जा रहा था कि नायडू का सियासी जादू अब खत्म होने लगा है, लेकिन साल 2009 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में वाईएसआर की मौत ने इस सूबे की राजनीति को फिर बदल दिया। कांग्रेस ने पहले के रोसैया और फिर किरण रेड्डी की मुख्यमंत्री बनाया और वाईएस आर के बेटे जगन मोहन रेड्डे कांग्रेस से नाराज हो गए। ऐसा कहा जाता है कि जगनमोहन रेड्डी की राजनीति को शुरू होने से पहले ही खत्म करने के लिए स्टेट कांग्रेस और नायडू ने हाथ मिला लिया। आरोप भ्रष्टाचार के थे और गिरफ्तारी करने वाली एजेंसी वहीं की सीआईडी थी, जिसने अब चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कर लिया है। बहरहाल 2013–14 में आंध्र प्रदेश का बंटवारा हुआ तेलंगाना एक अलग राज्य बना।

साल 2014 में चंद्रबाबू नायडू फिर से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और केंद्र की एनडीए सरकार में भी शामिल हुए, लेकिन इस बार मोदी सरकार पूर्ण बहुमत में थी। लिहाजा नायडू का वो जलवा नहीं था जो वाजपेयी सरकार में हुआ करता था और साल 2018 में नायडू एनडीए से अलग भी हो गए। नायडू को सबसे बड़ा झटका 2019 में लगा, जब जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने नायडू की पार्टी को बुरी तरह से मात देकर सरकार पर कब्जा कर लिया और अब चुनाव से कुछ ही महीने पहले नायडू की गिरफ्तारी ने सूबे के समीकरणों को भी अस्त–व्यस्त कर दिया है। जगन मोहन रेड्डी कई मसलों पर केंद्र सरकार से साथ रहे, लेकिन कभी एनडीए का हिस्सा नहीं बने। वहीं, भाजपा दक्षिण भारत के इस राज्य में नायडू के तौर पर एक संभावित पार्टनर को देख रही थी, लेकिन नायडू को गिरफ्तार करने के दांव ने इस सूबे की राजनीति में उबाल ला दिया है व एनडीए को असमंजस में डाल दिया हैं।


## विशेष

# सदैव स्मरणीय रहेगा स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया भाषण

**योगेश कुमार गोयल**
मोबाइल : 9034304041

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तिव के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी।

स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी



विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिये ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है।

## चिंतन

# भारतीय संस्कृति को भ्रमित करती पाश्चात्य जीवन शैली

**संजीव ठाकुर**
मोबाइल : 9009 415 415

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था। धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे–धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे–धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकर्ताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकर्ताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा, बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरुआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन–सहन खानपान, वेशभूषा, विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था।

पाश्चात्य संस्कृति में धीरे–धीरे भारतीय रहन–सहन रीति–रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग–अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति–रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि विवेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा–दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा। जीवन में विकास भी हुआ, और नागरिकों को नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी साक्षात्कार हुआ। पर इसके साथ पाचल सभ्यता ने भारत को बहुत सारी विकृतियां भी प्रदान की है। जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है। नशे की अधिकता, महिलाओं के खुले व्यवहार को देखकर आने वाली पीढ़ी की नैतिक शिक्षा में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति के दर्शन के अध्यापन की भी महती आवश्यकता है।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भाजपा जो करती है उसमें हिंदू कुछ नहीं है: राहुल गांधी

**लंदन/भाषा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों के साथ बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है और उनके कार्यों में हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है।

फ्रांस के अग्रणी सामाजिक विज्ञान संस्थान, पेरिस के 'साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी' में शनिवार को बातचीत के दौरान गांधी (53) ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा', विपक्षी दलों के गठबंधन द्वारा भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को बचाने की लड़ाई, बदलती वैश्विक व्यवस्था और अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी दल ''भारत की आत्मा'' के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है और देश मौजूदा ''अशांति'' से ''सकुशल बाहर आ जाएगा।''

बातचीत के दौरान देश में ''हिंदू राष्ट्रवाद'' के उभार के बारे में एक सवाल पर गांधी ने कहा, ''मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने कई हिंदू (धर्म से जुड़ी) किताबें पढ़ी हैं; भाजपा जो करती है उसमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है, बिल्कुल भी नहीं।''

इस बाचतीत का एक वीडियो रविवार को जारी किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैंने हिंदू धर्म से जुड़ी किसी किताब में नहीं पढ़ा और ना ही किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से यह सुना कि आपको अपने से कमजोर लोगों को आतंकित करना चाहिए, उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए। तो, ये विचार, ये शब्द, हिंदू राष्ट्रवाद, ये गलत शब्द है।'' गांधी ने कहा, ''वे हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे...वे कुछ लोगों का प्रभुत्व चाहते हैं...उनमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है।''

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भारत के 60 प्रतिशत लोगों ने विपक्षी दलों को वोट दिया, जबकि सिर्फ 40 प्रतिशत ने सत्तारूढ़ दल को वोट दिया।

## प्रदर्शन



कोलकाता में रविवार को पश्चिम बंगाल आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के सदस्यों ने कोलकाता में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धर्मतला में सड़क जाम कर दिया।

# टोंगा के निकट ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान सबसे तेजी से समुद्र में लावा का प्रवाह हुआ

**नई दिल्ली/भाषा**

दक्षिणी प्रशांत सागर स्थित टोंगा द्वीप के नजदीक 2022 में समुद्र में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान जलमग्न ज्वालामुखी विस्फोट के इतिहास में सबसे अधिक गति से लावा निकला था। यह खुलासा एक नए अनुंसधान में हुआ है जिसे साइंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है।

जीएनएस साइंस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर एंड एटमॉस्फियेरिक रिसर्च (एनआईडब्ल्यूए) और न्यूजीलैंड, टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका तथा ब्रिटेन के अन्य संस्थानों के अनुसंधान के मुताबिक इस लावा प्रवाह से दक्षिण प्रशांत द्वीपसमूह को शेष दुनिया से जोड़ने वाले एवं समुद्र में बिछे दो दूरसंचार केबल क्षतिग्रस्त हो गए थे।

अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अनुसंधान पत्र में कहा कि विस्फोट के बाद निकली सामग्री पहले ऊंचाई पर गई और इसके बाद वापस सतह पर गिरने से गर्म लावा, राख और गैस की बारिश जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। यह स्थिति करीब एक घंटे तक रही और समुद्र तल पर मलबा 122 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गिरा।

उन्होंने कहा कि यह गति किसी भी दर्ज की गई गति से 50 प्रतिशत अधिक थी, जिससे टोंगा द्वीप से करीब 80 किलोमीटर दूर समुद्र के नीचे बिछाए गए संचार केबल को भारी नुकसान हुआ। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक ज्वालामुखी विस्फोट से समुद्र तल से करीब 850 मीटर नीचे एक बड़ा क्रेटर (गड्ढा) भी बन गया।

ज्वालामुखी विस्फोट के तुरंत बाद समुद्री तल से लिए गए नमूनों और सर्वेक्षणों से पता चला कि इन शक्तिशाली और घने मलबे से भारी नुकसान हुआ। अनुसंधानपत्र के सह लेखक एवं जीएनएस साइंस के कर्नल डी रोंड ने बताया, ''ज्वालामुखी विस्फोट के बाद मलबा जिस ऊंचाई से नीचे गिरा उससे समुद्र में तेज गति से उथलपुथल हुई और यह समुद्र में बिछे केबल को होने वाले नुकसान की व्याख्या करता है।''

अध्ययन में कहा गया है कि इन धमाकों से पानी के नीचे उत्पन्न तरंगों के अध्ययन से उन्हें दुनिया भर में जलमग्न ज्वालामुखियों से पैदा होने वाले खतरों को समझने में मदद मिली। एनआईडब्ल्यू के वैज्ञानिकों को टोंगा में हुए ज्वालामुखी विस्फोट को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के साथ मिलाकर यह अनुमान लगाने के लिए प्रेरित किया है कि इस वर्ष ओजोन छिद्र सामान्य से अधिक समय तक बना रहेगा। उनका मानना है कि संभव है कि यह छेद दक्षिणी गोलार्द्ध की गर्मियों की शुरुआत तक बना रहे।

एक अलग बयान में, उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विस्फोट से असामान्य मात्रा में जलवाष्प पृथ्वी के वायुमंडल में चला गया।

जल वाष्प ग्रीनहाउस गैस प्रभाव पैदा करता है और अंटार्कटिका के ऊपर बादल बनाकर ओजोन की कमी को बढ़ाता है।

# बाइडन की वियतनाम यात्रा शुरू, कहा- दोनों देश एक-दूसरे के अहम साझेदार

**हनोई/एपी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को अपनी संक्षिप्त वियतनाम यात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण समय पर दोनों देश एक-दूसरे के अहम साझेदार हैं। उन्हें वियतनाम के नेतृत्व को बताया कि आने वाले दशकों में दोनों देशों के पास हिंद-प्रशांत को आकार देने का अवसर है। अपने 24 घंटे की वियतनाम यात्रा के दौरान बाइडन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जलवायु, अर्थव्यवस्था और अन्य मुद्दों पर कुछ प्रगति होगी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम के मुख्यालय में मीडिया कवरेज के लिए उपलब्ध बैठक के संक्षिप्त हिस्से में उन्होंने पार्टी महासचिव गुयेन फु ट्रोंग से कहा, ''वियतनाम और अमेरिका महत्वपूर्ण भागीदार हैं, मैं कहूंगा कि यह बहुत महत्वपूर्ण समय है।''

ट्रोंग इससे सहमत हुए कि उनकी बैठक ने द्विपक्षीय संबंधों में विस्तार का 'उत्कृष्ट अवसर' पेश किया। उन्होंने जल्द ही वाशिंगटन आने का न्योता देने पर बाइडन को धन्यवाद दिया।

वियतनाम अमेरिका के साथ अपने रिश्ते को एक व्यापक रणनीतिक साझेदार के दर्जे तक बढ़ा रहा है। बाइडन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों में से एक का कहना है कि यह किसी देश के साथ वियतनाम की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का उच्चतम स्तर है।

रविवार दोपहर में हनोई पहुंचे बाइडन ने पिछले महीने साल्ट लेक सिटी में एक 'फंड रेजर' कार्यक्रम में कहा था कि वियतनाम अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारी नहीं चाहता है, लेकिन वह संबंध चाहता है क्योंकि वह चीन को बताना चाहता है कि वह अकेला नहीं है और अपना साझेदार स्वयं चुन सकता है।''

# 'टिप टिप बरसा पानी' पर नंगे पैर डांस करने से घायल हुई थी रवीना टंडन

**मुंबई/एजेन्सी**

डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' के स्पेशल एपिसोड में गेस्ट के तौर पर रवीना टंडन शामिल हुईं। एपिसोड के दौरान, कंटेस्टेंट शिवांशु सोनी और कोरियोग्राफर विवेक चाचेरे ने 'टिप टिप बरसा पानी' पर परफॉर्म किया। रवीना टंडन ने शिवांशु की सराहना करते हुए कहा, मेरे लिए, यह यूनिक स्टाइल है। यह सेंसुअल सॉन्ग है और इसे इस रोबोटिक स्टाइल में देखकर मैं दंग रह गयी। यह एक्ट इतना शानदार है कि मैं आप पर से नजरें नहीं हटा सकी। आप क्लासिकल डांसर हैं लेकिन जब आपने इस रोबोटिक डांस में ट्रांसफॉर्म किया, तो ऐसा लगा मानो आप एक पूरी तरह से अलग कलाकार में बदल गए हों। इसे देखने के बाद, मुझे लगता है कि किसी को भी दोबारा इस गाने का प्रयास नहीं करना चाहिए, और यहां तक कि आपकी खूबसूरत प्रस्तुति को देखने के बाद मैं इसे करने के बारे में भी नहीं सोचूंगी।'' गाने के बारे में बात करते हुए, वह पुरानी यादों में खो गईं और उन्होंने कहा, ''हम कंस्ट्रक्शन साइट पर शूटिंग कर रहे थे, और मैं नंगे पैर थी, वहां कीलें पड़ी गुई थी, जिससे मुझे खरोंच आई। मुझे टिटनेस का इंजेक्शन लेना पड़ा और दो दिन बाद बारिश के कारण मैं बीमार पड़ गयी।'' उन्होंने आगे कहा, 'जो ग्लैमर आप स्क्रीन पर देखते हैं, वह पर्दे के पीछे की अनकही कहानियों को छिपा देता है। रिहर्सल के दौरान चोट लगना आम बात है, फिर भी हम सभी उन्हें सहते हैं। लेकिन शो चलते रहना चाहिए, चाहे स्क्रीन पर हो या मंच पर, दर्द सहने के बावजूद किसी की अभिव्यक्ति और मुस्कान कभी कम नहीं होनी चाहिए।



## श्रद्धांजलि


नई दिल्ली में रविवार को जी20 प्रमुखों के जीवनसाथी नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।



# महाकाल दरबार पहुंचे अक्षय कुमार, फिल्म 'मिशन रानीगंज' के लिए की प्रार्थना

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिशन रानीगंज' की तैयारी कर रहे हैं, अपने जन्मदिन पर उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर गए।

एक्टर ने मंदिर में फिल्म 'मिशन रानीगंज' के लिए प्रार्थना भी की। पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म स्वर्गीय जसवन्त सिंह गिल (अक्षय कुमार द्वारा अभिनीत) के नेतृत्व में रानीगंज कोयला क्षेत्र बचाव मिशन पर आधारित है। जसवंत सिंह गिल ने 1989 में रानीगंज के बाढ़ ग्रस्त कोयला खदान में फंसे खनिकों को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मिशन को दुनिया के सबसे सफल बचाव अभियानों में से एक के रूप में दर्ज किया जा चुका है।

फिल्म में परिणीति चोपड़ा, कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, रवि किशन, वरुण बडोला, दिव्येंदु भट्टाचार्य, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, शिशिर शर्मा, अनंत महादेवन, जमील खान, सुधीर पांडे, बचन पचेरा, मुकेश भट्ट और ओंकार दास मानिकपुरी भी हैं।'मिशन रानीगंज' मानवीय भावना, दृढ़ संकल्प और वीरता का प्रतीक है।वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर द्वारा निर्मित, टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित 'मिशन रानीगंज' 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में उतरेगी।अक्षय की पिछली फिल्म 'ओएमजी 2' ने सनी देओल-स्टारर 'गदर 2' से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कारोबार किया था।

# सिमरन कौर 'तोसे नैना मिला के' के साथ टीवी पर लौटीं



**मुंबई/एजेन्सी**

टीवी एक्ट्रेस सिमरन कौर लव स्टोरी 'तोसे नैना मिला के' का हिस्सा हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपनाने, इसकी यूएसपी, किस चीज ने उन्हें यह किरदार निभाने के लिए प्रेरित किया, इस बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने कहा, ''यह शो दो बहनों पर केंद्रित है: एक असाधारण रूप से गोरी, सुंदर और तेजस्वी है, जबकि दूसरी बहन पारंपरिक सौंदर्य मानकों पर फिट नहीं बैठती है। मैं पूर्व बहन का चित्रण करती हूं। शादी के बाद दोनों बहनें एक ही छत के नीचे रहती हैं। शो में मैं छोटे भाई से शादी करती हूं, जबकि मेरी बहन बड़े भाई से शादी करती है। अवधारणा शानदार और लेखन उत्कृष्ट है।

यह शो एक सकारात्मक संदेश देता है जो इस बात पर जोर देता है कि हम सभी अपने तरीके से सुंदर हैं। सिमरन ने कहा, ''मेरे किरदार का नाम हंसिनी है, और उनके घर में उनके साथ राजपरिवार की तरह व्यवहार किया जाता है। मेरे पास लेटेस्ट आउटफिट्स पहनने का अवसर है जो किरदार की सुंदरता से मेल खाते हैं।'' 'तोसे नैना मिला' 7-8 महीने के अंतराल के बाद सिमरन की टीवी पर वापसी का प्रतीक है। उनका आखिरी शो 'अगर तुम ना होते' खत्म होने के बाद वह वेब शो और फिल्मों में बिजी हो गईं।

एक्ट्रेस ने कहा, ''मैं अन्य माध्यमों को भी तलाशना चाहती हूं। किसी शो में मुख्य भूमिका निभाना बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है। शो की सफलता आपके परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। जब आपके फैंस किसी नए शो के आने के बारे में सुनते हैं तो वे खुश हो जाते हैं। आपका लक्ष्य अपने दर्शकों और फैंस को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करना है, और आप उनका मनोरंजन करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए समर्पित हैं, अक्सर 100 प्रतिशत से अधिक देते हैं।'' सिमरन ने कहा, हम महाबलेश्वर के पास स्थित वाई के सुरम्य स्थान पर एक आउटडोर शूट के लिए गए थे, और हमारा प्राथमिक लक्ष्य क्षेत्र की लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता को कैद करना था, जो निश्चित रूप से शो के विजुअल अपील को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ''अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और पूरी टीम सहित टीम के प्रत्येक सदस्य ने इस शो को जीवंत बनाने में अपना जुनून और समर्पण डाला है। शूटिंग प्रक्रिया के दौरान, कोई कसर नहीं छोड़ी जाती क्योंकि हम एक यादगार और असाधारण प्रोडक्शन बनाने का प्रयास करते हैं।'' एक्ट्रेस आखिरी बार 'अगर तुम ना होते' में नजर आई थीं।

# शाहरुख की 'जवान' ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 144.22 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म ने अपनी रिलीज़ के तीसरे दिन देशभर में कुल 144.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह भारत में अबतक किसी हिंदी फिल्म की एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई है। निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। तमिल फिल्मकार एटली द्वारा निर्देशित फिल्म बृहस्पतिवार को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज़ की गई थी। फिल्म में खान के अलावा, नयनतारा और विजय सेतुपति भी हैं और दीपिका पादुकोण की संक्षिप्त भूमिका है। 'जवान' के निर्माण में शामिल प्रोडक्शन हाउस,'रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट' ने फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर कमाई की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। पोस्ट में गया है, अबतक की सबसे ज्यादा एक दिन की कमाई। सभी भाषाओं में बॉक्स ऑफिस पर 144.22 करोड़ रुपये की कमाई। 68.72 करोड़ रुपये (हिंदी) में कमाए। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लहर खान, आलिया कुरेशी, रिद्धि डोगरा, सुनील ग्रोवर और मुकेश छाबड़ा के साथ-साथ संजय दत्त की भी अतिथि भूमिका है। कारोबारी विशेषज्ञ तरण आदर्श ने कहा कि 'जवान' के हिंदी संस्करण ने तीन दिन में 180.45 करोड़ रुपये की कमाई की है।






# फिल्म 'चाची नंबर 1' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में यश कुमार चाची की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो अपनी बेटी के लिए अपने ससुर के घर में नौकरानी बनकर रहते हैं। फिल्म की कहानी एक तलाकशुदा मां बाप की है जिसमें पिता अपनी बेटी के बिना नहीं रह सकता। ट्रेलर की शुरुआत होती है यश कुमार और फिल्म की अभिनेत्री रक्षा गुप्ता के बीच तलाक से, जहां तलाक के बाद उनके बच्चे की कस्टडी मां को मिल जाती है।

फिल्म चाची नंबर 1 का निर्माण यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा के बैनर तले हुआ है। फिल्म को लेकर यश कुमार ने बताया कि चाची नंबर 1 मनोरंजन का सैलाब लेकर आने वाला है।

इस फिल्म के जरिए एक गंभीर सवाल को उठाया गया है। अक्सर आज के दिनों में पति-पत्नी एक दूसरे से अलग हो रहे हैं लेकिन इस बीच में सबसे ज्यादा नुकसान उनके बच्चों का हो रहा है जो अपने माता-पिता के साथ रहना चाहता है। समाज की इस बुराई को फिल्म के जरिए मनोरंजन के माध्यम से प्रमुखता से उठाया है हमने। मुझे लगता है कि यह फिल्म जरूर सबको पसंद आएगी और वह इससे सबक भी लेंगे। फिल्म चाची नंबर 1 के निर्देशक संजय श्रीवास्तव हैं। फिल्म में यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता फीमेल लीड है जबकि अमित शुक्ला और मनोज टाइगर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। उनके अलावा सीपी भट्ट, राधे कुमार, लोटा तिवारी, चंदन कश्यप, नौशाद शेख और चाइल्ड एक्टर के रूप में दीक्षा भी अपनी अदाकारी से सबों का मन मोह लेने वाली हैं। गीतकार राजेश मिश्रा और शेखर मधुर है जबकि संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। कथा और पटकथा यश कुमार के साथ मनोज गुप्ता का है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

हमने लाखों जन्म मरण करके पश्चात पुण्य का उदय हुआ और मनुष्य का जन्म मिला। उत्तम कुल मिला, जिनवाणी श्रवण का मौका मिला, गुरु मिले, परमात्मा प्रभु महावीर मिले फिर भी हमने इस जन्म को अगर सफल नहीं किया तो वही हमारा जन्म दुर्गति का कारण बन जाएगा। क्योंकि यह जिंदगी ना मिले दोबारा जो हमें मिला है। जो जिंदगी देवता को भी दुर्लभ है। परमात्मा अगर आपको मिल जाएंगे तो आपके सारे दुख और दर्द है मिट जायेगा। जीवन का सेंटर है अच्छा बनना ऐसा प्रभु बताते हैं हमें लाइफ का सेंटर तय करना है क्योंकि जिंदगी न मिलेगी दोबारा हमें सेंटर में धर्म होना चाहिए।





# मानवता में विश्वास करने वाला पंथ नहीं, पथ प्रदर्शक होता है गुरु : सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि

## ■ 'जन कल्याण महोत्सव 2023' में उमड़ा जनसैलाब ■ राज्यपाल सहित अनेक अतिथियों ने की शिरकत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





चेन्नई। श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव तिरुपति के सान्निध्य में आयोजित 'जन कल्याण महोत्सव 2023' के अंतर्गत तीसरे दिन तिरुवनमियुर में रामचंद्र कन्वेंशन सेंटर की विशेष सजावट की गई। इस मौके पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि काफी लंबे अरसे के उपरांत उनका चेन्नई में पुनः आगमन हुआ है। इस बार वे यहां कोई आध्यात्मिक उपदेश देने नहीं आए है अपितु अपने भक्तों, उनके परिवारों से मिलने उनका कुशलक्षेम पूछने आए है। उन्होंने कहा कि वह अपने सभी भक्तों को जीभर कर देखने आए है। उन्होंने कहा कि जब उनके भक्त खुश होते हैं तो वह भी खुश हो जाते है। ऐसे में उनके जीवन की सांसें बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने आध्यात्मिक जीवन में कभी भी किसी भी जाति, धर्म, पंथ एवं मजहब के बीच कोई भी भेदभाव कभी नहीं किया। उनके लिए सभी व्यक्ति महत्वपूर्ण है चाहे वह किसी जाति पंथ या मजहब के हो। उनका उद्देश्य सदैव मानव कल्याण का रहा है ।

इस मौके पर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने जीवन और परिवार में खुश रहने के कई गुर बताते हुए कहा कि वर्तमान में हम एक दूसरे पर गुस्सा करते हैं परंतु बदले में हम उनसे प्यार और सम्मान की उम्मीद करते हैं तो क्या यह संभव होगा? उन्होंने कहा कि हमें यह सोचना चाहिए कि हम वर्तमान में अपनों को एवं समाज को क्या दे रहे हैं? जो हम दूसरों को देंगे वही हमारे पास लौटकर आएगा इस भावना के साथ जीवन में सदैव परमार्थ एवं जनकल्याण की भावना से कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना की राज्यपाल एवं पुदुचेरी के संयुक्त राज्यपाल डॉ तमिलसाईं सौंदरराजन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें एक दिव्य शक्ति का एहसास हो रहा है उनका यहां आना एक दिव्य शक्ति के कारण ही संभव हो पाया है। वर्तमान में तमिलनाडु में उपजे सनातन धर्म के विवाद पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ अज्ञानी लोग सनातन को बदनाम व नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं परंतु वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होंगे, क्योंकि सनातन धर्म मात्र धर्म नहीं है। सनातन जीवन जीने का एक तरीका है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में तिरुपति तिरुमला देवस्थानम ट्रस्ट के बोर्ड सदस्य डॉ एस शंकर भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का संक्षिप्त विवरण देते हुए गुरुदेव द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में मशहूर संगीतकार शिवभक्त ड्रममास्टर शिवमणि ने सपत्नीक उपस्थित होकर ड्रम वादन किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजकों में जगदीशन गोल्ड, अप्पू सर, प्रकाश खिंवसरा, संजय मूंदड़ा, बाबूलाल छल्लानी, आशीष मेहता, ओमप्रकाश मेहता, ताराचंद्र शर्मा, अमरचंद्र भाटी, प्रकाश राजपुरोहित, गणपतराज सीरवी, सेरूराम सुथार, हेमराज़ भाटी, त्रिलोक सुथार सहित अनेक श्रद्धालु ने सपरिवार उपस्थित होकर गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। जन कल्याण महोत्सव के सैकड़ों पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने दिन रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम का संचालन यशिका खटेड़ ने किया।

## जन्माष्टमी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




कोयम्बटूर के विश्नोई समाज द्वारा सोहनलाल विश्नोई की अध्यक्षता में जंभेश्वर भगवान एवं कृष्ण भगवान की जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन संध्या, हवन, प्रसादी वितरण, ब्लड डोनेशन शिविर और पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। संत नित्यानंदजी महाराज ने धर्म की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में ओमप्रकाश विश्नोई, जगदीश विश्नोई, जगदीश बाना सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



# साध्वीश्री राजमती का जीवन गुणों की खान है : साध्वी विनयश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहां शंकरनगर स्थित वर्धमान स्थानकवासी संघ के महावीर भवन में आचार्य डॉ. शिवमुनि म. सा. की विदुषी शिष्या साध्वीश्री राजमतीजी एवं विनयश्रीजी के सान्निध्य में साध्वीश्री राजमती जी म. सा. का छप्पनवां अवतरण दिवस मनाया गया। साध्वीश्री विनयश्रीजी म. सा. ने श्रावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुलाब का फूल बगीचे को महकाता है, फिर बगीचे से बाहर निकलने के बाद किसी के गले की माला बन, तो कहीं गुलकन्द बन और अंत में पंखुड़ियां सूख जाने पर भी मिठाई पर बैठ अपनी खुशबूदार प्रकृत्ति से एक अनूठी सौरभ देता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी ऐसा हो कि वह जहाँ जाये, जैसे माहौल में जाये वहां अपनी अच्छाईयों की अनुपम छाप सब पर छोड़ दे। साध्वीश्री राजमतीजी का जीवन भी अनेक विशेषताओं को लेकर अनुकरणीय है।

साध्वीश्री राजमतीजी ने आज अपने अवतरण दिवस पर सभा में उपस्थित सभी श्रावकों को मंगल आशीर्वाद देते हुये कहा कि यह मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण है कि सेलम वासियों ने मेरे जन्मदिवस को इतना खास बनाया, बस आप लोग अपने जीवन को थोड़ा संयममयी, त्यागमयी बनाने का प्रयास करें, यही मेरे लिए सच्ची भेंट होगी। इससे पूर्व महिला मंडल की श्रीमती निधि खटोर के निर्देशन में साध्वीश्री जी को जन्मदिन की बधाई एक सांस्कृतिक मंचन के माध्यम से बड़े ही रोचक और सुन्दर प्रस्तुति दी गयी।

तेरापंथ समाज के कवि नीतेश संतुलन ने साध्वीश्रीजी के आध्यात्मिक जीवन की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम का संचालन समाज के अध्यक्ष गौतम चोपड़ा ने किया।



# अमृतवाणी सत्संग मंडल में मनाया कृष्ण उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार के सान्निध्य में सिंधी धर्मशाला के प्रांगण में नंद महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अनेक भक्तों ने नंद उत्सव में भाग लिया तथा भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। साथ में फूलों की वर्षा की गई । मंडल के मुकुंद चांडक, बद्री सोनी, राजेंद्र, अशोक जोशी, अशोक गौड़, विनोद शर्मा, मधु सोनी, ज्योति, ममता शर्मा, चंदा, अंजू सोनी, अमिता जालान सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे। टी नगर साहुकारपेट अन्नानगर पुरुषावाक्कम के महाकवि भारतीनगर केकेडी नगर से भक्तगण उपस्थित थे। मंडल के अरविंद कुमार दाधीच ने यह जानकारी दी।

# सहज और सरल जीवन द्वारा प्रयास के बगैर ऊंचाई मिलती है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरीजी ने प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति अत्यंत सरल है। इसकी समस्त क्रियाएं बड़ी सरलता के साथ होती हैं। सूर्य का उदय होना, तारों का टिमटिमाना और नदियों का निरंतर बहना आदि कुदरती क्रियाएं होती रहती हैं। वृक्ष फलते-फूलते हैं, रात के बाद दिन आता है, पर्वत-चट्टानें स्थिर हैं। वस्तुत: प्रकृति जटिलताओं का उद्गम-स्स्तोत्र नहीं है, उन्हें वह निर्मित भी नहीं करती। प्रकृति की क्रियाएं क्यों हो रही हैं या फिर क्या होना चाहिए, जैसे प्रश्नों से जटिलताएं आती हैं। प्रकृति में सब कुछ स्वयं ही होता है। प्रकृति की तरह जो चीज सरल रहती है, वही सत्य है। ऊपर से यह बात सहज जान पड़ती है, पर यह उतनी सरल नहीं है। यही जीवन के साथ भी है। सरल रहने तक मानव जीवन सम्यक अर्थों में वास्तविक जीवन बना रहता है। यही हमारा जीवन जीना होता है। इससे पृथक होते ही जीवन सिर्फ व्यतीत करने तक सीमित हो जाता है। पद और ज्ञान का दंभ जीवन को जटिलतम बनाता है। जीवन के न सुलझने वाले गणित को सुलझाने के अनावश्यक कार्य में इतने अधिक उलझ जाते हैं कि अंत में मृत्यु ही इनके उलझाव को सुलझाती है।



संतश्री ने कहा कि सहज और सरल जीवन द्वारा प्रयास के बगैर ऊंचाई मिलती है। जीवन की सहजता में जीवन को असाधारणता और अलौकिकता प्राप्त होती है। सरलता ही सत्य है। सत्य बोलना कठिन नहीं है। जो वास्तविकता है, उसे ही कहना है। सत्य में जोड़ना, घटाना और गुणा भाग नहीं करना पड़ता। झूठ बोलना इसके ठीक विपरीत है। जो नहीं है, वही कहना है। जल को हवा सिद्ध करने के लिए प्रपंच की सृष्टि करनी पड़ती है। वास्तविकता से दूर जाना पड़ता है। सत्य का यथार्थ से संबंध है। संकोच करने पर मायावी-दिखावे के कारण अवसर निकल जाता है। संबंध की दीर्घता में सत्य और सरलता सेतु सदृश है। अंत में आचार्य श्री ने कहा कि सत्य को कभी स्मरण नहीं रखना पड़ता। स्वयं स्मृति में रहता है। झूठ को सदा स्मृति पटल पर रखना होता है। झूठ को जितनी बार दोहराते हैं, उतनी बार उसका अर्थ बदलता जाता है। झूठ जटिलताएं उत्पन्न करता है, जो मानसिक तनाव का कारण बनकर सरलता नष्ट करता है। सरलता के बगैर सत्य की निकटता नहीं मिलती। जटिलता छोड़ने पर आनंद धारा फूट पड़ती है।

# काया और माया संसार में बड़ी पुण्यवानी से प्राप्त होती है : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। शहर के साहुकारपेट जैन भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी धर्मप्रभाजी ने अपने प्रवचन में कहा कि काया और माया संसार मे बड़ी पुण्यवानी से मनुष्य को प्राप्त होती है। काया और माया का कोई भरोसा नहीं है। इस दुनिया में चाहे करोड़पति हो या रोड़पति सबके जाने का तरीका एक जैसा है।फिर किस बात का इंसान गुमान और अभिमान करता है। माया और काया साथ नहीं जाने वाली है। मनुष्य जीवन भर शरीर,धन, रूप, रंग, गहने, जमीन और जायदाद के प्रति आसक्त होकर संसारी माया और काया को संसार मे स्थाई आवास समझकर अपनी अनन्त पुण्यावानी को यूहीं गंवा रहा है। मनुष्य शरीर को सोने एवं चांदी से कितना भी सजा ले लेकिन अंत समय शरीर मिट्टी मे ही मिलने वाला है। न जाने कब हमारी काया हमारा साथ छोड़ देवे और माया यही की यही पर धरी रह जाए उससे पहले मनुष्य अपनी माया का संसार में सदउपयोग कर लेता है। तो वह अपनी पुण्यावानी को और बढ़ाकर अपनी इस आत्मा को संसार के आवागम से छुटाकारा दिला सकता है। काया और माया संसार में पुण्यावानी के संचय से प्राप्त होती है ।

इस मौके पर संघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने बताया कि संघ के अध्यक्ष एम.अजितराज कोठारी, सुरेश डूगरवाल, हस्तीमल खटोड़, बादलचन्द कोठारी, जितेन्द्र भंडारी, पदमचन्द ललवानी, माणकचन्द खाबिया, शांतिलाल दरड़ा, सुभाष कांकलिया, महावीर कोठारी, शम्भूसिंह कावड़िया, अशोक सिसोदिया, तारेश बेताला, दिनेश नाहर, संजय खाबिया आदि अनेक पदाधिकारियों की श्रद्धालुओं के साथ उपस्थिति रही। इस दौरान विलीवाक्कम् ज्ञानशाला के नन्हें मुन्हे बच्चों के द्वारा 'बच्चों की अदालत' नाटिका का मनमोहक मंचन किया गया। सभी बच्चो को पारितोषिक देकर संघ के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।



# खरतरगच्छ तीर्थंकर मंदिर और गुरु मंदिर की पहली ईंट रखी गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। खरतरगच्छ के गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री मुक्तिप्रभसागरजी, गणिवर्यश्री मनीषप्रभसागरजी, मतिषप्रभ सागरजी के सान्निध्य में रविवार को सुबह शुभ मुहूर्त में भवन के ग्राउंड फ्लोर में तीर्थंकर, गुरु मंदिर की पहली ईंट रखने का कार्यक्रम पूजा के साथ हुआ। यह आयोजन चेन्नई में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्य जिनमणिप्रभसागरसूरीजी द्वारा दिए गए मुहूर्त में किया गया। संघ के सभी सदस्यों ने मंदिर निर्माण की सफलता के लिए त्याग का व्रत लिया।

इस मौके पर संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा ने सबका स्वागत किया। संचालन सचिव श्यामसुंदर लूनिया ने किया और धन्यवाद प्रदेश युवक परिषद अध्यक्ष दीपक नाहटा ने दिया। इस मौके पर युवक परिषद के अध्यक्ष प्रकाश बोथरा, महिला परिषद की अध्यक्ष शिल्पा नाहटा आदि उपस्थित थे। इस मौके पर गुरु इकतीसा का भी पाठ किया गया।






# अदभुत अनोखा आध्यात्मिक अनुष्ठान 'सिद्ध प्रभु से संपर्क'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां आचार्य श्री महाश्रमण जी की शिष्या साध्वी श्री लावण्यश्री जी सुख सातापूर्वक तेरापंथ भवन साहूकारपेट में विराजमान हैं। सभी चरित्र आत्माओं के पूर्ण सुख साता है तप-जप एवं आध्यात्म की गंगा बह रही है। प्रातः कालीन प्रवचन कार्यक्रम में साध्वीश्री जी द्वारा अदभुत अनोखा आध्यात्मिक अनुष्ठान आओ करें! सिद्ध प्रभु से संपर्क रखा गया। जैन धर्म एवं तेरापंथ धर्म संघ में मंत्रों का अत्यधिक महत्व बताया गया है।

साध्वीश्री सिद्धांतश्रीजी एवं साध्वीश्री दर्शितप्रभाजी ने मन की एकाग्रता, निर्मलता एवं शांति के लिए सिद्धा मंत्र अनुष्ठान का विधि सहित जप करवाया एवं उसके महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। लाल चुनरी एवं सफेद ड्रेस में उपस्थित उपरोक्त आध्यात्मिक अनुष्ठान में संभागी संपूर्ण श्रावक समाज बड़ी प्रसन्नता का अनुभव कर रहा था। साध्वीश्री लावण्यश्री जी ने उपरोक्त अनुष्ठान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आचार्य महाप्रज्ञजी की पुस्तक मंत्र एक समाधान का भी श्रावक समाज के सामने जिक्र किया एवं कथाओं के माध्यम से आध्यात्मिक मंत्रो के प्रभाव की विस्तृत विवेचना श्रावक समाज के समक्ष प्रस्तुत की। अंत में सभा के मंत्री द्वारा सूचनाओं का क्रम एवं तपस्या के त्याग प्रत्याख्यान के बाद साध्वीश्रीजी के मंगल पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.